उज्जैन
बुधवार
17
जून, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-224
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



फिल्म गदरः एक प्रेम कथा के 25 साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित विशेष समारोह में 3.20 लाख के गोल्डन लहंगे में अमीषा पटेल बनीं फैशन इवेंट की सबसे बड़ी स्टार

## रिपोर्टः जंग के बाद और ताकतवर हुआ ईरान, जब चाहे होर्मुज स्ट्रेट बंद कर सकता है



**तेल अवीव।** अमेरिका-ईरान समझौते के बीच अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने नई चेतावनी दी है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, जंग के बाद ईरान पहले से ज्यादा ताकतवर हो गया है। खुफिया एजेंसियों का आकलन है कि अब ईरान जब चाहे होर्मुज को बंद कर सकता है। रिपोर्ट से परिचित तीन सूत्रों ने बताया कि युद्ध के बाद ईरान के पास वैश्विक अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाने की एक और नई ताकतवर क्षमता आ गई है। अमेरिकी अधिकारियों का मानना है कि ईरान के पास ऐसा हथियार मिल गया है जो परमाणु बम से ज्यादा असरदार है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि अगर परमाणु बातचीत टूटती है, तो यमन के हूती विद्रोहियों के जरिए बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट में भी संकट पैदा कर सकता है।

## अन्नामलाई 14 सितंबर को अपनी पार्टी घोषित करेंगे

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु भाजपा के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व आईपीएस अधिकारी के. अन्नामलाई 14 सितंबर को अपनी नई पार्टी के नाम, नीति और संगठन की घोषणा करेंगे। वे नवंबर-दिसंबर में पूरे राज्य का दौरा करेंगे। अन्नमलाई वी द लीडर आंदोलन के जरिए युवाओं को जोड़ रहे हैं। अपने गृहनगर अरावकुरिची में प्रशिक्षण शिविर शुरू किया है। पार्टी के जिला समन्वयकों में 50 साल से छोटे लोग ही होंगे। अभिनेता से नेता बने सीएम सी. जोसेफ विजय की पार्टी टीवीके ने दलित और अल्पसंख्यक वोटों पर मजबूत पकड़ बनाई है। इसलिए अन्नामलाई गैर-दलित वोट बैंक, विशेषकर ओबीसी, एमबीसी (मोस्ट बैकवर्ड क्लास) और सामान्य वर्ग पर फोकस करेंगे।

## नेपाल ने चीन के सामने कालापानी-लिपुलेख का मुद्दा उठाया




**काठमांडू।** नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल ने बीजिंग में चीन के विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात के दौरान कालापानी, लिम्पियाधुरा और लिपुलेख विवाद का मुद्दा उठाया। उन्होंने भारत और चीन के बीच लिपुलेख दर्रे के इस्तेमाल को लेकर हुए समझौते पर सवाल उठाते हुए पूछा कि यह व्यवस्था किस आधार पर बनाई गई और इसकी प्रकृति क्या है। इसके जवाब में वांग यी ने कहा कि यह मूल रूप से भारत और नेपाल के बीच का मामला है और इसका समाधान बातचीत से ही निकलेगा। उन्होंने कहा कि इस तरह के मुद्दे संबंधित देशों के बीच कूटनीतिक वार्ता के जरिए सुलझाए जाने चाहिए।

## बिगबास्केट के सीईटो हरि मेनन ने इस्तीफा दिया

**नई दिल्ली।** टाटा के ओनरशिप वाले ऑनलाइन ग्रॉसरी प्लेटफॉर्म बिगबास्केट के को-फाउंडर हरि मेनन ने चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर के पद से इस्तीफा दे दिया है। कंपनी ने 16 जून को इसकी आधिकारिक घोषणा की। ई-कॉमर्स सेक्टर की दिग्गज कंपनी अमेजन में 11 साल से ज्यादा समय बिता चुके अमित नंदा अब बिगबास्केट के नए सीईओ के रूप में जिम्मेदारी संभालेंगे। बिगबास्केट में हुए इस बड़े लीडरशिप बदलाव के बावजूद कंपनी के को-फाउंडर हरि मेनन और विपुल पारेख कंपनी का साथ पूरी तरह नहीं छोड़ रहे हैं। वे दोनों कंपनी के बोर्ड में बने रहेंगे। इसके साथ ही वे नए नेतृत्व और लीडरशिप टीम को मेंटर भी करते रहेंगे।

## ईरान को 28 लाख करोड़ देने की बात फर्जी, यह झूठ विपक्ष ने फैलाया



**तेल अवीव।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को 28 लाख करोड़ रुपए देने की बात को फर्जी बताया है। उन्होंने मंगलवार को ट्रुथ सोशल पर लिखा कि यह विपक्षी पार्टी डेमोक्रेट्स की तरफ से फैलाई गई झूठी खबर है। दरअसल, न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि समझौता होने पर अमेरिका, ईरान को आर्थिक मदद के तौर पर करीब 28 लाख करोड़ रुपए का पैकेज देगा। वहीं, ट्रम्प ने फ्रांस में कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी से मुलाकात में भी बताया कि अमेरिका अभी ईरान में कोई पैसा नहीं लगा रहा है। उन्होंने कहा, हम ईरान में कोई पैसा निवेश नहीं कर रहे हैं, लेकिन हमें भविष्य में कभी भी वहां जाकर निवेश करने का अधिकार है।

## पाकिस्तान में पुलिस फायरिंग में ऑस्ट्रेलियाई बच्ची की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में 9 साल की ऑस्ट्रेलियाई बच्ची हानिया अहमद की पुलिस की गोलीबारी में मौत हो गई। हानिया अपने परिवार के साथ पाकिस्तान घूमने आई थी। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, ऑस्ट्रेलिया के पर्थ शहर के केवडेल इलाके का यह परिवार पंजाब के चकवाल शहर में अपने रिश्तेदारों से मिलने आया था। बुधवार रात वे किराये की कार से सफर कर रहे थे, तभी कुछ बदमाशों ने उनके गहने लूट लिए। बताया गया है कि मोटरसाइकिल पर सवार दो लुटेरे वारदात के बाद भाग रहे थे। इसी दौरान एक पुलिसकर्मी की नजर उन पर पड़ गई। लुटेरे मौके से फरार हो गए और परिवार की किराये की कार भी वहां से आगे बढ़ गई।

# राम मंदिर चढ़ावा चोरी में 3 शिकायत

## राम मंदिर का करोड़पति कर्मचारी टिन्नू यादव सामने आया, बोला- ऑटो चलवाकर कमाए रुपए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ अयोध्या

अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के मामले में मंगलवार को मंदिर ट्रस्ट के करोड़पति कर्मचारी रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू ने वीडियो जारी कर सफाई दी। टिन्नू ने कहा- जिस जमीन की कीमत 50 करोड़ बताई जा रही है, उसे मैंने साल 2008 में खरीदा था। मैंने ऑटो चलवाकर कमाई की है। चढ़ावे की गिनती से मेरा कोई लेना-देना नहीं है।

टिन्नू ने 50 करोड़ रुपए की संपत्ति होने के दावों को दुष्प्रचार बताते हुए कहा कि सच का फैसला भगवान श्रीराम करेंगे।

इससे पहले चढ़ावा चोरी को लेकर पुलिस के पास 3 शिकायतें पहुंचीं। पहली- धर्मसेना के संस्थापक संतोष दुबे ने की। दूसरी- यूपी युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला और तीसरी- करणी सेना ने की है। हालांकि पुलिस ने अभी तक कोई भी एफआईआर दर्ज नहीं की है।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा, भगवान की एफआईआर बड़ी होगी। हम-आप जो कानून वाली एफआईआर करवाते हैं, उसका क्या करोगे?



सुबह 11 बजे स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम, यानी एसआईटी जांच के लिए मंदिर पहुंची थी। साथ में अयोध्या डीएम शशांक त्रिपाठी और एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर भी थे। टीम ने ट्रस्ट के करीब 50 से अधिक कर्मचारियों से पूछताछ की है। रात साढ़े 8 बजे टीम मंदिर से रवाना हो गई। टीम ने सोमवार को ट्रस्ट महासचिव चंपत राय से चढ़ावा चोरी को लेकर जानकारी ली थी। इसके अलावा, ट्रस्ट सदस्य गोपाल राव को एसआईटी ने बुलाकर उनसे सवाल-जवाब किए। टीम ने 42 संदिग्ध कर्मचारियों से भी पूछताछ की थी।

### एसआईटी का सवाल- कर्मचारियों की जाते वक्त जांच होती थी या नहीं?

सूत्रों के अनुसार, एसआईटी ने सोमवार को सबसे पहले चंपत राय से जांच की जानकारी ली। इसके बाद एक-एक संदिग्ध से बंद कमरे में पूछताछ की। सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि मंदिर परिसर में प्रवेश के समय कर्मचारियों की चेकिंग होती थी, लेकिन बाहर निकलते समय नहीं होती थी।

### सपा प्रमुख और पूर्व मंत्री ने चोरी का मुद्दा उठाया था

सपा सरकार में मंत्री रह चुके पवन पांडेय ने रविवार 7 जून को दावा किया था कि राम मंदिर से 5 से साढ़े 7 करोड़ रुपए तक की चोरी की गई। अखिलेश ने भी कहा था कि मामले पर सरकार की चुप्पी संदिग्ध है। कोर्ट को मामला देखना चाहिए। चंपत राय ने सफाई दी थी कि अभी तक ऐसी कोई भी बात सामने नहीं आई है। विवाद बढ़ा तो भाजपा नेता डॉ. रजनीश सिंह ने 9 जून को प्रधानमंत्री को लेटर लिखकर सीबीआई जांच की मांग की। अगले दिन यानी 10 जून को प्रधानमंत्री कार्यालय ने मंदिर ट्रस्ट से मामले की रिपोर्ट मांग ली।

### अब तक 2 करोड़ की बरामदगी

चढ़ावा चोरी मामले में अब तक 5 लोगों- लवकुश, अवनीश, अनुकल्प, करुणे और रामशंकर के नाम सामने आए हैं। इन लोगों की निशानदेही पर अब तक 2 करोड़ रुपए की रिकवरी हुई है। ये सभी दान राशि की गिनती की ड्यूटी से जुड़े हैं। लवकुश और अनुकल्प पुलिस हिरासत में हैं।

# राष्ट्रपति के ओंकारेश्वर दौरे को लेकर ट्रैफिक प्लान लागू

## 17 से 19 जून तीन दिन बदले रहेंगे कई मार्ग, श्रद्धालुओं के लिए अलग पार्किंग व्यवस्था

ब्रह्मास्त्र ▸▸ खंडवा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रस्तावित ओंकारेश्वर आगमन को देखते हुए जिला प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस ने 17 जून से 19 जून दोपहर 12 बजे तक स्पेशल ट्रैफिक प्लान लागू करने का निर्णय लिया है। सुरक्षा प्रबंधों और ट्रैफिक दबाव को नियंत्रित करने के लिए इंदौर रोड पर भारी मालवाहक वाहनों के आवागमन में आंशिक बदलाव किया गया है। वहीं, ओंकारेश्वर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए अलग पार्किंग और परिवहन की व्यवस्था बनाई गई है। प्रशासन ने आमजन और श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे निर्धारित डायवर्जन और पार्किंग व्यवस्था का पालन करें तथा यात्रा के लिए अतिरिक्त समय लेकर निकलें।

**भारी मालवाहक वाहनों के लिए ये रहेंगे वैकल्पिक मार्ग-** राष्ट्रपति के दौरे के दौरान इंदौर-इच्छापुर मार्ग पर यातायात का दबाव कम करने के लिए भारी वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से भेजा जाएगा।

- **तेजाजी नगर डायवर्जनः** इंदौर से खंडवा आने वाले भारी वाहन तेजाजी नगर से महू, मानपुर, धामनोद, खरगोन, भीकनगांव और देशगांव होते हुए खंडवा पहुंचेंगे।
- **सिमरोल डायवर्जनः** इंदौर से आने वाले वाहन सिमरोल, मंडलेश्वर, कसरावद, खरगोन, भीकनगांव और देशगांव मार्ग से खंडवा जाएंगे।

## करीब 75 प्रतिशत नाले अतिक्रमण और भू-माफियाओं की गतिविधियों की भेंट चढ़ चुके

# छोटी नदियां और पारंपरिक जलधाराएं अस्तित्व के संकट में

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मध्य प्रदेश को देश में नदियों का मायका कहा जाता है, लेकिन उज्जैन जिले सहित प्रदेश की छोटी नदियां और पारंपरिक जलधाराएं आज अस्तित्व के संकट से जूझ रही हैं। हालात यह हैं कि उज्जैन, भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर समेत अधिकांश शहरों में करीब 75 प्रतिशत नाले अतिक्रमण और भू-माफियाओं की गतिविधियों की भेंट चढ़ चुके हैं। जो नाले बचे हैं, उनके दोनों किनारों पर अवैध निमार्णों का दबाव लगातार बढ़ रहा है। अब यही खतरा छोटी और मझोली नदियों पर भी मंडराने लगा है।

नदी संरक्षण से जुड़े विशेषज्ञों का कहना है कि यदि समय रहते कठोर कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले वर्षों में प्रदेश की अनेक छोटी नदियां नक्शों तक सीमित होकर



रह जाएंगी। इसका सीधा असर बड़ी नदियों और भूजल स्तर पर पड़ेगा। नदी एवं पर्यावरण मामलों के जानकार डॉ. सुभाष सी. पांडे और नितिन सक्सेना का कहना है कि अधिकांश छोटी नदियां अब तक अधिसूचित नहीं हैं, जिससे उनके संरक्षण के लिए कानूनी ढांचा कमजोर बना हुआ है। आज प्रदेश में अक्रिमण का आलम यह है कि छोटी नदियां तेजी से सिकुड़ रही है।

### बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण हो

विशेषज्ञों का कहना है कि छोटी नदियां और नाले ही बड़ी नदियों की जीवन रेखा होते हैं। इन्हीं के माध्यम से वर्षा जल, भूजल और प्राकृतिक प्रवाह बड़ी नदियों तक पहुंचता है। विशेषज्ञों का सुझाव है कि प्रदेश की सभी छोटी और मझोली नदियों को अधिसूचित किया जाए। नदी संरक्षण प्राधिकरण का गठन हो। नदी क्षेत्रों का वैज्ञानिक सर्वे कराया जाए। उद्गम स्थल और प्राकृतिक बहाव क्षेत्र चिन्हित किए जाएं। नदी सीमा में अतिक्रमण, खेती और निर्माण पर स्थायी रोक लगे। नदी किनारे बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण हो। पंचायतों और नगरीय निकायों को संरक्षण की जिम्मेदारी दी जाए। क्षतिग्रस्त नदियों के पुनर्जीवन के लिए 10 वर्षीय कार्ययोजना बने। जिला और राज्य स्तर पर निगरानी समितियां गठित हों। प्रत्येक जिले में नदी संरक्षण प्रकोष्ठ स्थापित किया जाए।

# काशी में अनंत अंबानी ने बाबा विश्ननाथ की पूजा-अर्चना की

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाराणसी

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी ने मंगलवार देर शाम काल भैरव मंदिर में पूजा-अर्चना की और आरती उतारी। दर्शन के बाद हर-हर महादेव के जयघोष लगाए। इससे पहले उन्होंने काशी विश्वनाथ मंदिर और मां अन्नपूर्णा मंदिर में पूजा-अर्चना की। बाबा विश्वनाथ का षोडशोपचार विधि से अभिषेक किया, जबकि मां अन्नपूर्णा मंदिर में विशेष कुमकुम पूजन किया। पूजा 21 ब्राह्मण अर्चकों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कराई। अनंत करीब 45 मिनट तक काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर में रहे।

# जी7 समिट में मोदी ने होर्मुज में भारतीयों की मौत का मुद्दा उठाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस के एवियन में आयोजित जी7 समिट के पहले दिन होर्मुज स्ट्रेट में भारतीयों की मौत का मुद्दा उठाया। आउटरीच सेशन में मोदी ने कहा- कई भारतीय नागरिकों ने भी अपनी जान गंवाई है। वैश्विक समुद्री व्यापार के जरिए देशों को जोड़ने वाले नाविकों की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है।

मोदी ने कहा कि हम पश्चिम एशिया में शांति की दिशा में हुई प्रगति का स्वागत करते हैं। इस संघर्ष की वजह से क्षेत्र के हमारे मित्र देशों में जान-माल का नुकसान हुआ है। होर्मुज स्ट्रेट से होने वाले समुद्री व्यापार में



रुकावट का वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी बुरा असर पड़ा है।

सेशन में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी मौजूद थे और पीएम मोदी के पास ही बैठे थे। वहीं, आज शाम 6:30 बजे मोदी-ट्रम्प की द्विपक्षीय मीटिंग होगी। व्हाइट हाउस के मुताबिक, भारत-अमेरिका के बीच टैरिफ, निवेश और रणनीतिक साझेदारी से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हो सकती है।

## मानसून पश्चिमी तट पर अटका, मुंबई 7-8 दिनों में पहुंचेगा

# देश के 103 जिलों में ही सामान्य बारिश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

मानसून 8 जून से पश्चिमी तट पर लगभग स्थिर है। मौसम एजेंसी स्काईमेट के मुताबिक, मानसून को मुंबई आने में 7-8 दिन लग सकते हैं। इसकी मुख्य वजह बंगाल की खाड़ी में मजबूत लो-प्रेशर एरिया यानी डिप्रेशन नहीं बनना है। मानसून की धीमी रफ्तार की वजह से देश के 723 जिलों में से सिर्फ 103 में ही सामान्य बारिश हुई है।



राजस्थान के जयपुर, भरतपुर और कोटा समेत 23 जिलों में आज आंधी-बारिश का यलो अलर्ट है। पिछले 24 घंटे में झुंझुनूं समेत राज्य के 10 जिलों में 2 इंच बारिश हुई है। वहीं, मध्य प्रदेश के रायसेन, छिंदवाड़ा, ग्वालियर और सागर समेत 8 जिलों में आंधी-बारिश का असर रहेगा। बिहार के भागलपुर, पूर्णिया और चंपारण समेत 26 जिलों में आज बारिश का अलर्ट है। मंगलवार को पटना समेत 7 जिलों का तापमान 40 डिग्री से ज्यादा रहा। दिल्ली-एनसीआर में मंगलवार को बारिश और तेज हवाएं चलीं। अधिकतम तापमान सामान्य से 6 डिग्री तक कम दर्ज किया गया, जिससे यह जून का अब तक का सबसे ठंडा दिन रहा।

# गुजरात के वडोदरा में बस-ट्रक की टक्कर, 6 की मौत

## 31 घायल, राजस्थान से सूरत जा रही थी बस, एसडीआरएफ-एनडीआरएफ ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वडोदरा

गुजरात के वडोदरा में कोटांबी स्टेडियम के पास बुधवार सुबह एक स्लीपर बस और ट्रक की टक्कर में 6 लोगों की मौत हो गई। 31 लोग घायल हैं। मृतकों में एक 9 साल का बच्चा भी शामिल है।

शुरूआती जानकारी के अनुसार, बालाजी ट्रैवल्स की लग्जरी बस राजस्थान के बांसवाड़ा से सूरत जा रही थी। वडोदरा में बस



सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कई यात्री बस में फंस गए। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ-एनडीआरएफ और वडोदरा फायर विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। सभी घायलों को एसएसजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के कारण इलाके में लंबा जाम लग गया, जिसे हटाने के लिए पुलिस और प्रशासन की टीमें जुटी हैं।

# उद्धव शिवसेना में टूट, 6 सांसद देर रात दिल्ली पहुंचे



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की शिवसेना में टूट की आशंका तेज हो गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उद्धव सेना के 9 में से 6 सांसद मंगलवार देर रात दिल्ली पहुंचे है। आज लोकसभा स्पीकर से मुलाकात कर सकते हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, सांसद आज प्रेस कॉन्फ्रेंस भी कर सकते हैं। यह भी दावा है कि महाराष्ट्र डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे भी मंगलवार को दिल्ली रवाना हुए। शिवसेना (शिंदे गुट) के एमएलसी कृपाल तुमाने ने दावा किया कि 'ऑपरेशन टाइगर' के तहत पिछले एक महीने से चर्चा चल रही है। अब अंतिम चरण में है। मानसून सत्र से पहले ये सांसद शिंदे गुट में शामिल हो सकते हैं। वहीं, शिवसेना ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को पत्र लिखकर मांग की है कि संसद में पार्टी के किसी भी बागी गुट को मान्यता न दी जाए।

## आतंकी नेटवर्क का पर्दाफाश

# फराज जेल गया, नईम 20 तक रिमांड पर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

एटीएस की कार्रवाई में आतंकी साजिश से जुड़े दो आरोपियों को मंगलवार को विशेष न्यायाधीश डॉ. मुकेश मलिक की कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने भोपाल के कांग्रेस नगर निवासी मोहम्मद फराज उर्फ खालिद सैफुल्लाह को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया, जबकि आरोपी नईम अब्दुल्ला की रिमांड 4 दिन और बढ़ाकर 20 जून 2026 तक एटीएस को सौंप दी।

**फोन पर मिले लिंक खंगालने देवबंद जाएगी एटीएस**

एटीएस ने कोर्ट को बताया कि नईम की कॉल डिटेल निकालने पर कई नंबर सामने आए हैं, जो उसके गांव देवबंद के हैं। इन लोगों से पूछताछ और कॉल रिकॉर्ड की जांच के लिए एटीएस की टीम देवबंद जाएगी। एजेंसी को आशंका है कि कॉल डिटेल में शामिल कुछ लोग संदिग्ध हो सकते हैं।

एटीएस का कहना है कि नईम से पूछताछ के आधार पर इन संपर्कों की भूमिका की भी जांच की जानी है। इसी आधार पर कोर्ट से अतिरिक्त रिमांड मांगी गई थी। जांच एजेंसी के अनुसार नईम पिछले पांच वर्षों से पाकिस्तानी हैंडलरों के संपर्क में था। नईम उत्तर प्रदेश के देवबंद का रहने वाला है। एटीएस ने आरोपी मोहम्मद फराज उर्फ खालिद सैफुल्लाह और नईम अब्दुल्ला को दोपहर करीब 1:30 बजे कोर्ट में पेश किया था।

**गिरफ्त में पाक हैंडलर...** यूपी के देवबंद और हरियाणा के नूंह तक फैले थे तार काउंटर टेरेरिस्ट



ग्रुप की टीम कोर्ट लेकर पहुंची : मंगलवार को दोनों आरोपी फराज और नईम को कोर्ट में पेश किया गया। इस दौरान उनको लेकर एटीएस के अधिकारी और काउंटर टेरेरिस्ट ग्रुप (सीटीजी) पहुंची थी। सीटीजी के करीब 5 जवान दोनों आरोपियों को घेर कर कोर्टरूम के बाहर खड़े थे।

### नईम के लिए लीगल एड से वकील नियुक्त

नईम अब्दुल्ला को 13 जून को भोपाल कोर्ट में पेश किए जाने के दौरान उसके पास निजी वकील नहीं था। इसके बाद कोर्ट ने लीगल एड डिफेंस से एडवोकेट मुकेश गौर को नियुक्त किया। एटीएस ने 13 जून को नईम को तीन दिन की रिमांड पर लिया था। पूछताछ अधूरी रहने के कारण एजेंसी ने चार दिन की अतिरिक्त रिमांड मांगी थी।




## खबर एक नजर...

### महाकाल सिंधी कॉलोनी में 20 को होगा विशाल निरंकारी सत्संग 'आत्म मंथन'

**उज्जैन।** शहर की महाकाल सिंधी कॉलोनी में आगामी शनिवार, 20 जून को 'आत्म मंथन' के तहत एक विशाल निरंकारी सत्संग का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह विशेष आध्यात्मिक कार्यक्रम हरियाणा के बल्लभगढ़ से पधार रहे महात्मा महेशजी के सानिध्य में संपन्न होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। मीडिया सहायक विनोद गज्जर ने जानकारी देते हुए बताया कि यह विशाल सत्संग सतगुरु माता सुदीक्षा जी और निरंकारी राजपिता के असीम आशीर्वाद और मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। इस दिव्य भक्ति उत्सव का मुख्य उद्देश्य आमजन को आत्म-मंथन, मानसिक शांति और आध्यात्मिक जागृति की दिशा में प्रेरित करना है, ताकि समाज में प्रेम और सद्भावना का अधिक से अधिक संचार हो सके। आयोजन के संबंध में मुखी त्रिलोक बेलानी ने बताया कि शनिवार को यह कार्यक्रम शाम 5:30 बजे से शुरू होकर 7:30 बजे तक चलेगा। आयोजन समिति ने शहर के सभी धर्मप्रेमियों और नागरिकों से इस सत्संग में सपरिवार उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

### 'समकालीन लघुकथा और आज का परिदृश्य' पर लघुकथा विमर्श और पाठ आज

**उज्जैन।** प्रेमचंद सृजनपीठ और सरल काव्यांजलि के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार 17 जून को 'समकालीन लघुकथा और आज का परिदृश्य' विषय पर लघुकथा विमर्श तथा पाठ का आयोजन किया जाएगा। यह साहित्यिक कार्यक्रम शाम 5.30 बजे से भारतीय ज्ञानपीठ महाविद्यालय में होगा। सरल काव्यांजलि के संतोष सुपेकर ने बताया कि आयोजन में प्रतिष्ठित साहित्यकार अपनी लघुकथाएं प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पटना के डॉ. ध्रुव कुमार उपस्थित रहेंगे। अध्यक्षता सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलानुशासक डॉ शैलेन्द्र कुमार शर्मा करेंगे। प्राची के अध्यक्ष शशांक दुबे विशिष्ट अतिथि होंगे। वरिष्ठ लघुकथाकार संतोष सुपेकर लघुकथाओं पर अपना वक्तव्य देंगे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हरीश कुमार सिंह करेंगे। आयोजन के दौरान वंदना गुप्ता, माया बदेका, डॉ. प्रभाकर शर्मा, रमेशचंद्र शर्मा, डॉ. स्वामीनाथ पांडेय, मानसिंह शरद, डॉ. क्षमा सिसोदिया, कमलेश व्यास कमल, संदीप सृजन, डॉ. नेत्रा रावणकर, डॉ. रश्मि मोयदे, मीरा जैन, राजेन्द्र नागर 'निरन्तर', योगेंद्र माथुर, आशागंगा शिरढ़ोणकर, डॉ. सीमा पंड्या, दिलीप जैन, प्रफुल्ल शुक्ल और डॉ. गिरीश पंड्या लघुकथा पाठ करेंगे।

### उज्जैन के नवनिर्मित मेडिकल कॉलेज का नाम सावित्रीबाई फुले रखने की मांग

**उज्जैन।** शहर के नवनिर्मित मेडिकल कॉलेज का नाम सावित्रीबाई फुले के नाम पर रखने की मांग उठी है। इस संबंध में अखिल भारतीय माली समाज विकास परिषद ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा को सौंपा है। विधायक कालूखेड़ा वरिष्ठ नेताओं से भेंट के क्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र सांखला के निवास पर पहुंचे थे। इसी दौरान सांखला ने कार्यकताओं की उपस्थिति में विधायक को यह ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया है कि उज्जैन उत्तर विधानसभा क्षेत्र में महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले के लाखों अनुयायी निवास करते हैं। सुरेंद्र सांखला ने कहा कि सावित्रीबाई फुले शिक्षा की देवी हैं, जिन्होंने समानता और लोगों के मूल अधिकारों की रक्षा के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उज्जैन मुख्यमंत्री का गृह क्षेत्र है, ऐसे में उनसे अपेक्षा है कि वे इस मांग पर तत्काल निर्णय लें। नवनिर्मित मेडिकल कॉलेज का नामकरण सावित्रीबाई फुले के नाम पर होने से समाज में समानता के भाव को बल मिलेगा और यह माली समाज सहित समूचे पिछड़े वर्ग के लिए प्रेरणा का केंद्र बनेगा।

# मंगल 21 जून को करेगा वृषभ राशि में प्रवेश, शनि की दृष्टि से बाजार मौसम और वैश्विक राजनीति में मचेगी उथल-पुथल

## वर्ष 2026 के उत्तरार्ध की शुरूआत बड़े और संवेदनशील ज्योतिषीय बदलाव के साथ होने जा रही

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

वर्ष 2026 के उत्तरार्ध की शुरूआत बड़े और संवेदनशील ज्योतिषीय बदलाव के साथ होने जा रही है। ग्रहों के सेनापति मंगल 21 जून को मेष से वृषभ राशि में गोचर करेंगे। मंगल देव इस राशि में 1 अगस्त तक विराजमान रहेंगे। श्री मातंगी ज्योतिष केंद्र के प्रख्यात ज्योतिर्विद पं. अजय कृष्णशंकर व्यास के अनुसार वृषभ राशि में मंगल पर न्याय के देवता शनि देव की दृष्टि रहेगी। ज्योतिष शास्त्र में शनि और मंगल के इस संबंध को बेहद प्रभावशाली माना गया है। इसका सीधा असर वैश्विक अर्थव्यवस्था, कृषि, अंतरराष्ट्रीय संबंधों और आम जनजीवन पर दिखाई देगा।



वृषभ राशि को धन और संसाधनों का भाव माना जाता है। श्री मातंगी ज्योतिष केंद्र के ज्योतिर्विद पं. अजय कृष्णशंकर व्यास ने बताया कि मंगल के इस गोचर पर शनि की दृष्टि वैश्विक स्तर पर आर्थिक दबाव बढ़ा सकती है। खाद्यान्न, सोना, चांदी, तांबा, क्रूड ऑयल और सीमेंट-सरिया के दामों में अप्रत्याशित उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। निवेशकों को बाजार में सट्टेबाजी या जल्दबाजी में निवेश से बचना चाहिए। अल्पकालिक लाभ की जगह दीर्घकालिक निवेश पर ध्यान देना फायदेमंद रहेगा।

वृषभ एक पृथ्वी तत्व की राशि है जिसका सीधा संबंध कृषि और प्रकृति से है। इस गोचर के प्रभाव से मौसम के मिजाज में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। देश और दुनिया के कुछ क्षेत्रों में अच्छी बारिश होगी, जबकि कुछ हिस्सों में सूखे या अतिवृष्टि जैसी असंतुलन की स्थिति बन सकती है। किसानों को अपनी फसलों को बचाने के लिए वैज्ञानिक और पारंपरिक तरीकों का उपयोग कर जल संरक्षण व फसल प्रबंधन पर विशेष ध्यान देना होगा।

ज्योतिषीय ग्रंथों में मंगल और शनि के संबंध को संघर्ष और शक्ति प्रदर्शन का कारक माना गया है। ज्योतिर्विद पं. अजय कृष्णशंकर व्यास के मुताबिक इस अवधि में विभिन्न राष्ट्रों के बीच आपसी तनाव और सीमा विवाद की घटनाएं बढ़ सकती हैं। वैश्विक मंचों पर आंतरिक सुरक्षा और सामरिक नीतियों पर गहन चर्चा होगी। युद्ध जैसी स्थितियों को टालने के लिए देशों के बीच कूटनीतिक प्रयासों में तेजी लानी पड़ेगी।

यह गोचर बच्चों और युवाओं से जुड़े विषयों पर भी चुनौतियां दे रहा है। शिक्षा पद्धतियों और मानसिक विकास पर सरकारों का ध्यान केंद्रित होगा तथा शिक्षा क्षेत्र में कुछ कड़े सुधारात्मक कदम उठाए जा सकते हैं। अभिभावकों को भी बच्चों की दिनचर्या, पोषण और डिजिटल तनाव से बचाव पर विशेष ध्यान देना होगा। गोचर के नकारात्मक प्रभावों को कम करने के लिए श्री मातंगी ज्योतिष केंद्र के ज्योतिर्विद पं. अजय कृष्णशंकर व्यास ने कुछ पारंपरिक उपाय बताए हैं। प्रत्येक मंगलवार को हनुमान चालीसा या बजरंग बाण का पाठ करें। शनिवार के दिन गरीबों या जरूरतमंदों को भोजन व आवश्यक वस्तुओं का दान कर शनि देव की आराधना करें। नियमित रूप से प्रकृति और गौ-माता की सेवा करें।

### 111 बेटियों ने की ठाकुर जी के सम्मुख भावपूर्ण राग सेवा

**उज्जैन।** अधिक मास के समापन अवसर पर आचार्य महाप्रभु जी की बैठक में भव्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन संपन्न हुआ। यहाँ श्री वल्लभ वैष्णव मंडल, युवा मंडल एवं महिला मंडल के तत्वावधान में वेणुनाद निनाद नृत्य संस्थान की 111 बालिकाओं ने ठाकुर जी के सम्मुख भावपूर्ण राग सेवा प्रस्तुत की। संस्था की निर्देशिका पलक पटवर्धन के नेतृत्व और बैठक जी के ट्रस्टी विट्ठल नागर के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रस्तुति को देख श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। एक ही यूनिफॉर्म में सजी बेटियों के अनुशासन और कलात्मक प्रदर्शन ने किसी राष्ट्रीय स्तर के बड़े कार्यक्रम की अनुभूति कराई।

संस्थान के सदस्य अंजलि चावड़ा, उन्नति बोलगे, अक्षरा जोशी, युग भार्गव और चंचल बोलगे के सहयोग से आयोजित इस सत्र में बालिकाओं ने मंगलाचरण से शुरूआत की। इसके बाद कृष्ण वंदना, अच्युतम केशवम, भये प्रकट कृपाला, मुकुंदा मुकुंदा, रामा अष्टक, मधुराष्टक, नाचे गिरधारी, राधे रानी दे डालो बंसी, आश्रय का पद और दृढ़ इन चरणन पर अत्यंत सुंदर प्रस्तुतियां दीं।

मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष जयेश श्रॉफ, सहसंयोजक आनंद पुरोहित, नूपुर नीमा, समन्वयक हेतल शाह, विशाल नीमा, युवा मंडल अध्यक्ष नितिन नीमा, कार्यकारी अध्यक्ष अमर दिशावल, बालकृष्ण नीमा, सुनील नीमा, संजय शाह, पवन त्रिपाठी, हेमंत जी, संजय सुगंधी, राजेंद्र नीमा, कविता श्रॉफ, श्रीमती वंदना जेथलिया एवं प्रमोद जेथलिया सहित कई श्रद्धालु उपस्थित थे।

# ज्ञान और ध्यान से मिटता है अज्ञान, सत्कर्मों से होती है धर्म की वृद्धि

### अटल पीठाधीश्वर स्वामी विश्वात्मानंद सरस्वती ने इंदिरानगर में दिए प्रवचन, सत्संग के बाद हुआ भंडारा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

जीव और परमात्मा में कोई भेद नहीं है। जिस तरह धूल से ढके दर्पण को साफ करने पर असली चेहरा दिखाई देता है, उसी तरह ज्ञान और ध्यान से अज्ञान नष्ट होने पर हृदय में विराजमान परमात्मा की अनुभूति होती है। यह बात अटल पीठाधीश्वर स्वामी विश्वात्मानंद सरस्वती ने मंगलवार शाम इंदिरानगर स्थित हरि सिंह यादव के निवास पर आयोजित एक दिवसीय प्रवचन में कही।



मांगलिक कार्यक्रम के तहत आयोजित प्रवचन में स्वामी विश्वात्मानंद सरस्वती ने कहा कि जीवन का मुख्य लक्ष्य उपासना और धार्मिक कार्य है। सृष्टि की रचना का उद्देश्य धर्म की वृद्धि करना है। धर्म पेड़ों पर फल की तरह नहीं लगता, बल्कि यह मनुष्यों द्वारा किए गए सत्कर्मों से बढ़ता है। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि सनातन परंपरा में विपरीत मान्यताओं के कारण धर्म में कमी आ रही है। जितने अधिक लोग श्रद्धा से सत्कर्म, तर्पण और पितरों की भक्ति करेंगे, धर्म उतना ही अधिक गुना बढ़ेगा। जहां धर्म होता है, वहीं बल होता है।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए रवि राय ने बताया कि प्रवचन के पश्चात श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसादी ग्रहण की। आयोजन में समाजसेवी नारायण यादव, प्रेम सिंह यादव के साथ ही संत सत्कार समिति, युवा मंच सत्संग समिति और अंबे समिति के सदस्य व श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### महाकाल मंदिर के अफसरों पर तानाशाही का आरोप, शिकायत के लिए विशेष समिति बनाने की मांग

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में अधिकारियों की कथित तानाशाही और मनमानी को लेकर महाकाल सेना ने मोर्चा खोल दिया है। महाकाल सेना के राष्ट्रीय धर्म प्रकोष्ठ प्रमुख महेंद्र सिंह बैस ने मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, उज्जैन कमिश्नर और कलेक्टर को पत्र भेजकर अधिकारियों की शिकायत के लिए एक विशेष समिति गठित करने की मांग की है। पत्र में आरोप लगाया गया है कि महाकाल मंदिर का संचालन धार्मिक रीति-रिवाजों के बजाय एक सरकारी कार्यालय की तरह किया जा रहा है। अधिकारियों के दबाव और एफआईआर के डर से आम भक्त, ब्राह्मण समुदाय और कर्तव्यनिष्ठ कर्मचारी भयभीत हैं। मंदिर में दर्शन व्यवस्था को लेकर भारी भेदभाव किया जा रहा है। यदि कोई पुजारी या पुरोहित अपने परिजनों अथवा भक्तों को नंदी हॉल या चांदी गेट से दर्शन कराना चाहता है, तो उसे नियमों का हवाला देकर अनुमति नहीं दी जाती। इसके विपरीत अधिकारी वर्ग अपने चहेतों और परिजनों को बिना किसी रोकटोक के सारी वीआईपी सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है। आरोप है कि चाटुकार प्रभारियों द्वारा अधिकारियों को गुमराह कर कर्मचारियों पर दबाव बनाया जाता है, जिससे उन्हें हर समय नौकरी जाने का भय सताता रहता है। महाकाल सेना ने मांग की है कि धार्मिक स्थलों पर नियुक्त अधिकारियों की निरंकुशता रोकने और उनके खिलाफ मिलने वाली शिकायतों के निराकरण के लिए एक विशेष कमेटी बनाई जाए।

### नई शिक्षा नीति और एआई के दौर में शिक्षकों को बनना होगा टेक-सैवी

# लोकमान्य तिलक शिक्षण समिति के प्रशिक्षण वर्ग में 21वीं सदी के शिक्षक की भूमिका पर मंथन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

राष्ट्रीय शिक्षा नीति और तकनीक के इस तेजी से बदलते दौर में शिक्षकों को निरंतर अपडेट रहना होगा। आज का विद्यार्थी तकनीक से भली-भांति परिचित है, इसलिए शिक्षक का टेक-सैवी होना भी आवश्यक है। पहले उत्कृष्ट शिक्षक की पहचान चाक एंड टॉक पद्धति से होती थी, लेकिन आज स्मार्ट बोर्ड, डिजिटल संसाधन और एआई जैसे साधनों का प्रभाव बढ़ गया है।

यह बात विद्या भारती शैक्षिक शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान के देवकीनंदन चौरसिया ने कही। वे लोकमान्य तिलक शिक्षण समिति द्वारा आयोजित शिक्षक प्रशिक्षण वर्ग के पांचवें दिन '21वीं सदी के शिक्षक की भूमिका और चुनौतियां' विषय पर बतौर मुख्य वक्ता संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति विद्यार्थियों में क्रिटिकल थिंकिंग, क्रिएटिविटी, कम्युनिकेशन स्किल और प्रॉब्लम सॉल्विंग क्षमता के विकास पर बल देती है। शिक्षक अब केवल ज्ञान देने वाला नहीं, बल्कि मार्गदर्शक, मेंटर और फेसिलिटेटर है। विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करने के लिए शिक्षक को विषय और समसामयिक ज्ञान बढ़ाना होगा। साथ ही भारतीय ज्ञान परंपरा और मूल्य शिक्षा को शिक्षण का अभिन्न अंग बनाना होगा। विद्यार्थियों में बढ़ते तनाव को देखते हुए वर्तमान में शिक्षक का एक अच्छा काउंसलर होना भी जरूरी है।

#### शिक्षकों ने दी एआई और पर्यावरण संरक्षण पर प्रस्तुति

प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम सत्र में शिक्षकों ने विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर अपनी प्रस्तुति दी। सत्र का संचालन अंजलि मोदी ने किया। इसमें दिव्या शुक्ला ने विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने में शिक्षक की भूमिका पर बात की। प्रमोद जानी ने समाज सेवा, स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी के महत्व को समझाया। सुधीर सोलंकी ने एआई सेक्टर के उभरते ट्रेंड्स और इसके नैतिक उपयोग पर विचार साझा किए। वहीं, डॉ. अंजलि शाह ने शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की भावना विकसित करने पर जोर दिया।

इससे पूर्व द्वितीय सत्र का शुभारंभ संगठन मंत्र एवं मां सरस्वती के समक्ष पुष्पांजलि के साथ हुआ। इसका संचालन आभा शर्मा ने किया। मंच पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी गिरीश भालेराव एवं लोकमान्य तिलक विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शैलेष त्रिपाठी उपस्थित रहे। तृतीय सत्र पूरी तरह मनोरंजन पर केंद्रित रहा, जिसमें शिक्षण समिति की विभिन्न इकाइयों के शिक्षकों ने भजन, गीत व नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी संयोजक डॉ. शैलेष त्रिपाठी ने दी।

# भावी पीढ़ियों के हिस्से का पानी भी हमने निकाला, अब जल सहेजना जरूरी

### माधव कॉलेज में जल संरक्षण पर हुई पैनल चर्चा, विशेषज्ञों ने दिए पर्यावरण बचाने के सुझाव

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

जल प्रकृति का अनुपम उपहार है, लेकिन हमारे अत्यधिक दोहन के कारण भूजल स्तर रसातल में जा रहा है। हमने भावी पीढ़ियों के हिस्से का पानी भी धरती से निकाल लिया है। पौधारोपण के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हुई है। अब धरती मां के नाम पर पौधे लगाकर उनके संरक्षण का दायित्व हमें उठाना होगा।

यह बात भारत सरकार के जलशक्ति विभाग के पूर्व राष्ट्रीय नोडल अधिकारी (पेयजल सुरक्षा) सुधीन्द्र मोहन शर्मा ने कही। वे विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस (माधव महाविद्यालय) में आयोजित जल संरक्षण पर पैनल चर्चा में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। श्री शर्मा ने बताया कि माधव कॉलेज परिसर में बारिश के दौरान हर साल औसतन ढाई करोड़ लीटर पानी उपलब्ध होता है। वाटर हार्वेस्टिंग तकनीक के जरिए इस पानी को सहेज कर भूजल स्तर बढ़ाने की सख्त आवश्यकता है। उन्होंने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन और फिल्म 'नदिया के पार' के उदाहरण से जल संरक्षण का प्रभावी संदेश दिया।

कार्यक्रम की सारस्वत अतिथि और विक्रम विश्वविद्यालय की पूर्व वनस्पति विज्ञान प्राध्यापक डॉ. सुधा मल्ल ने कहा कि धरती से जुड़ाव हमारी संस्कृति का विशिष्ट पहलू है। यदि वायु प्रदूषण सूचकांक 17 के पार जाता है, तो इसका सीधा नुकसान पौधों को झेलना पड़ता है। ऐसे में कई पौधे जीवित नहीं रह पाते। शुद्ध हवा के लिए हमें पीपल, बरगद और नीम जैसे पौधे लगाने चाहिए। इसके अलावा सुंदरता बिखेरने वाले पौधे भी रोपे जाने चाहिए। प्राचार्य डॉ. कल्पना सिंह ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि यह परिसर भगवान कृष्ण और सुदामा की शिक्षा स्थली के समीप है। हम आगामी सिंहस्थ को दृष्टिगत रखते हुए कॉलेज को पर्यावरण और जल संरक्षण के माध्यम से तैयार कर रहे हैं।

### गट्टानी परिवार ने किया आयोजन, माहेश्वरी भवन में हुई महाप्रसादी

# पुरुषोत्तम मास के अंतिम दिन चारभुजा नाथ मंदिर में मना अन्नकूट महोत्सव, हजारों श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

पुरुषोत्तम मास के अंतिम दिन गोला मंडी स्थित चारभुजा नाथ मंदिर में अन्नकूट महोत्सव उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। आरती के पश्चात गोला मंडी स्थित माहेश्वरी भवन में महाप्रसादी का आयोजन किया गया।

मनोरथी गट्टानी परिवार (रीता गट्टानी, वीरेंद्र कुमार गट्टानी, महिमा गट्टानी और कल्पेश गट्टानी) की ओर से पंडित बृजभूषण दीक्षित ने विधि-विधान से भगवान का पूजन-अर्चन संपन्न कराया। महाआरती के बाद गट्टानी परिवार के आग्रह पर शहर के अनेक श्रद्धालुओं और माहेश्वरी समाज के परिवारों ने प्रसादी ग्रहण की।



#### इन श्रद्धालुओं ने लिया धर्मलाभ

आयोजन की महाआरती में राजेश्वरी कैलाश गट्टानी, नीतू अरुण गट्टानी, मोनिका अनिल गट्टानी, दुर्गा नरेंद्र गट्टानी, इंदू सुरेंद्र गट्टानी, मंजु सुनील गट्टानी, निर्मला देवेंद्र गट्टानी, संगीता सुधीर गट्टानी, मनीषा संदीप गट्टानी, आशू अंकित गट्टानी, पूर्णिमा परवाल, इंदौर से प्रिया जगदीश बाहेती, नागपुर से कृतिका रूपक भूतड़ा, पुणे से रश्मि प्रशांत बजाज, बेलगाम (कर्नाटक) से कमला विट्ठलदास तोषनीवाल, पुणे से विधि विकेश परवाल, इंदौर से अनिता चंद्र प्रकाश आगीवाल, चंद्रकांता पटवा व कृतिका प्रतीक पटवा, सोनकच्छ से एकता बसंत दरक, इंदौर से अनिता अनिल दरक, उमा निलेश झंवर श्रवण, सीमा मनीष आगीवाल व मीना महेश काबरा, देवास से संगीता सुनील तापड़िया, दाहोद से ज्योति दिलीप बांगड़, बड़ौदा से मंगला प्रमोद काबरा, इंदौर से प्रमिला जगदीश भूतड़ा, आरती नवीन राठी, शीला कैलाश नारायण राठी, शीतल लक्ष्मीनारायण मूंदड़ा, अलका भूपेंद्र भूतड़ा, अर्चना अरुण भूतड़ा, कलावती प्रकाश चंद्र सोडानी, अनिता संजय सोडानी, रचना सचिन बसेर, मनोरमा दिनेश डाढ़, मनसुखलाल झंवर, कोमल भूतड़ा, संजय मंत्री, राम मंत्री, सत्यनारायण अगाल, प्रकाश काबरा, संदीप भूतड़ा, संध्या लोकेंद्र काबरा, ममता सुनील बांगड़, अर्जुन समदानी, अतुल देवपुरा, सौरभ देवपुरा, विजय चिचानी, गोविंद मूंदड़ा और वंदना जैथल्या सहित अनेक भक्तों ने सहभागिता की।

# हवन-पूजन और विशाल भंडारे के साथ सिंधु सेना की 7 दिवसीय भागवत कथा का समापन

### मुकुंदाचार्य महाराज ने किया कृष्ण लीलाओं का वर्णन, महाआरती और छप्पन भोग में शामिल हुए शहर के कई गणमान्य नागरिक व सामाजिक संस्थाएं

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सिंधु सेना द्वारा आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा का विधिविधान से हवन-पूजन और विशाल भंडारे के साथ समापन हो गया। सात दिनों तक चले इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर धर्म लाभ लिया।

आयोजन में कथावाचक मुकुंदाचार्य महाराज द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का संगीतमय और विस्तार से वर्णन किया गया। समापन के अवसर पर किशोर मुलानी और विनोद मुलानी की ओर से महाआरती, छप्पन भोग और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर मुख्य रूप से साईं आतमदास महाराज उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पूज्य पंचायत सतराम सिंधी कॉलोनी, सिंधु जागृत समाज, इंदिरा नगर सिंधी समाज, भाईबंध सिंधी पंचायत, राष्ट्रीय सिंधी मंच, भारतीय सिंधु सभा, झूलेलाल महिला मंडल, चामुंडा माता भगत समिति, नवग्रह शनि मंदिर समिति और अखिल भारतीय हिंदू महासभा के पदाधिकारी व सदस्य भी शामिल हुए।



आयोजन में संतोष लालवानी, महेश परियानी, राजकुमार परसवानी, गिरधारी लालवानी, नरेंद्र सबनानी, दीपक वाधवानी, रितेश लालवानी, मनोज रोचवानी, राजेश कृष्णानी, ललित थावानी, सागर कृष्णानी, राम कुमरावत और अमित सोलंकी मौजूद रहे। भोजन प्रसादी वितरण में विक्रम परजवानी और भरत धर्मदासानी की टीम का विशेष सहयोग रहा। मातृशक्ति के रूप में माया मुलानी, सुशीला परियानी, काम्या लालवानी, रोशनी मुलानी, वीना परसवानी, डिम्पल मुलानी, योगिता रोचवानी और कांता रोचवानी मुख्य रूप से उपस्थित थीं।

उज्जैन
बुधवार
17
जून, 2026

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

**माता शत्रुः पिता वैरी येनवालो न पाठितः।**
**न शोभते सभामध्ये हंसमध्ये वको यथा॥**

**अर्थः** बच्चे को न पढ़ानेवाली माता शत्रु तथा पिता वैरी के समान होते हैं। बिना पढ़ा व्यक्ति पढ़े लोगों के बीच में कौए के समान शोभा नहीं पता।

## खबर एक नजर...

### इंदौर में जज का आईफोन लेकर भागा चोर, चोर की तलाश जारी

**इंदौर।** मोबाइल चोरी की दो अलग-अलग घटनाओं में बदमाशों ने एक जज और एक वकील को निशाना बनाया। दोनों मामलों में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लसूडिया पुलिस के मुताबिक, निरंजनपुर सब्जी मंडी में रविवार को एक जज का आईफोन 16 चोरी हो गया। पीड़ित संजय कुमार सिंह सब्जी खरीदने के लिए मंडी पहुंचे थे। इसी दौरान भीड़ का फायदा उठाकर एक युवक ने उनकी पैंट की जेब से मोबाइल निकाल लिया। बताया जा रहा है कि मंडी में मौजूद एक महिला सब्जी विक्रेता ने आरोपी को मोबाइल चोरी कर भागते हुए देख लिया था। उसने शोर भी मचाया, लेकिन तब तक आरोपी मौके से फरार हो चुका था। मामले में जज ने ऑनलाइन ई-एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस अब मंडी और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। वहीं दूसरी घटना आजाद नगर इलाके में सामने आई। यहां सुदामा नगर निवासी वकील अनुपम सिंह ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। अनुपम सिंह ने पुलिस को बताया कि वह अपनी कार से पिपलियाहाना की ओर जा रहे थे। जब उनकी कार मुसाखेड़ी के निमार्णाधीन ब्रिज के पास पहुंची, तभी क्लीनर साइड से दो युवक आए और गाड़ी का कांच खटखटाते हुए एक्सीडेंट होने की बात कहने लगे। इसी दौरान बदमाशों ने बातचीत में उलझाकर डैशबोर्ड पर रखा मोबाइल चोरी कर लिया और मौके से फरार हो गए। पुलिस का मानना है कि वारदात को ठक-ठक गैंग ने अंजाम दिया है। मामले में एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### शराब की बोतल मारकर दोस्त की हत्या

**इंदौर।** एरोड्रम थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर करीब एक बजे शराब पीने के दौरान हुए विवाद में एक युवक की उसके ही दोस्त ने हत्या कर दी। आरोपी ने शराब की बोतल और पास में रखी पानी भरने की मोटर से हमला किया। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी है। एरोड्रम थाना प्रभारी वरेन्द्र कुशवाह ने बताया कि घटना पंचवटी कॉलोनी की है। मृतक की पहचान जितेन्द्र पुत्र फूलचंद मीणा के रूप में हुई है। उसकी हत्या उसके दोस्त धमेन्द्र पंवार ने की है। पुलिस के मुताबिक जितेन्द्र और धर्मेंद्र साथ बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि धर्मेंद्र ने पहले शराब की बोतल और फिर पास में रखी मशीन उठाकर जितेन्द्र के सिर पर हमला कर दिया। गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार जितेन्द्र एक निजी बैंक में काम करता था। उसकी पत्नी करीब सात साल पहले उसे छोड़कर चली गई थी और वह अकेला रह रहा था। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर फरार आरोपी धर्मेंद्र पंवार की तलाश शुरू कर दी है।

### इंदौर में पिकअप की टक्कर से बच्चे की मौत

**इंदौर।** भंवरकुआं थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में 6 साल के बच्चे की मौत हो गई। प्रियांशु तोमर अपने पिता के साथ बाइक से जन्मदिन की पार्टी में शामिल होने जा रहा था, तभी एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल बच्चे ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार हादसा नेमावर रोड स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के सामने हुआ। मृतक की पहचान प्रियांशु (6) पुत्र सचिन तोमर निवासी हम्माल कॉलोनी के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि प्रियांशु सोमवार को अपने पिता के साथ बाइक से एक जन्मदिन समारोह में शामिल होने जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार पिकअप बोलेरो ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। परिजनों का आरोप है कि वाहन चालक लापरवाही से वाहन चला रहा था, जिसके कारण यह हादसा हुआ। हादसे के बाद परिजन गंभीर रूप से घायल प्रियांशु को तत्काल एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। भंवरकुआं थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस हादसे के कारणों और वाहन चालक की भूमिका की जांच कर रही है।

### नवविवाहिता ने मायके में किया सुसाइड

**इंदौर।** आजाद नगर थाना क्षेत्र में रहने वाली एक नवविवाहिता ने अपने ही मायके में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना सोमवार रात की बताई जा रही है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए एमवाय अस्पताल भिजवाया। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक मनतसा (21) पत्नी मोईन खान निवासी मदीना नगर को उसके चाचा सलीम खान सोमवार शाम एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे थे। परिवार के लोगों ने उसे घर में फंदे पर लटका हुआ देखा था। परिजनों ने पुलिस को बताया कि मनतसा की शादी करीब छह माह पहले मोईन खान से हुई थी। मोईन मूल रूप से धार का रहने वाला है और फर्नीचर का कारोबार करता है। बताया जा रहा है कि मोईन के पिता की तबीयत खराब होने के कारण उनका इंदौर के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था। इसी वजह से पिछले करीब एक माह से मोईन और मनतसा इंदौर में ही रह रहे थे।

---

### इंदौर में फिर पीने के पानी में मिला सीवरेज, लोग होने लगे बीमार

# महावीर नगर के बोरवेल में सीवरेज का पानी, उल्टी-दस्त, पेट दर्द की शिकायत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के भागीरथपुरा के बाद अब वार्ड क्रमांक-16 के महावीर नगर में पीने के पानी में सीवरेज मिलने का मामला सामने आया है। दूषित पानी पीने से अब तक 10 लोगों के बीमार होने की जानकारी मिली है। प्रभावित लोगों को उल्टी, दस्त, पेट दर्द और घबराहट जैसी शिकायतें हैं। शुरूआती जांच में इलाके के एकमात्र बोरवेल में सीवरेज का पानी मिलने की आशंका जताई गई है, जिससे गंदा पानी घरों तक पहुंचा।

**पानी के सैंपल लैब जांच के लिए भेजे-** मामले की जानकारी मिलते ही नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग और एनजीओ की टीमें मौके पर पहुंचीं। निगम अधिकारियों ने क्षेत्र का निरीक्षण कर पानी की सप्लाई और बोरवेल की जांच शुरू की। पानी के सैंपल लैब जांच के लिए भेजे गए हैं, जबकि प्रभावित इलाके में सफाई और मरम्मत का काम भी शुरू कर दिया गया है।







**स्वास्थ्य विभाग ने घर-घर सर्वे किया-** स्वास्थ्य विभाग ने एहतियातन घर-घर सर्वे शुरू किया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और स्वास्थ्य कर्मी लोगों को ओआरएस के पैकेट व जरूरी दवाइयां वितरित कर रहे हैं। साथ ही बीमार लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है।

#### महावीर नगर में स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची

महावीर नगर में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मोर्चा संभाल लिया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घर-घर जाकर लोगों को ओआरएस के पैकेट और आवश्यक दवाइयां वितरित की जा रही हैं। साथ ही लोगों की स्वास्थ्य संबंधी शिकायतों की जानकारी भी जुटाई जा रही है।

#### रहवासी बोले- दो-चार दिन से समस्याएं

स्थानीय निवासी सीमा साबले ने बताया कि पिछले दो-चार दिनों से परिवार के लोगों को पेट दर्द, उल्टी और घबराहट की समस्या हो रही है। वहीं रहवासियों का आरोप है कि समय पर निगरानी और नियमित जांच होती तो स्थिति इतनी गंभीर नहीं होती। एक बच्ची की तबीयत बिगड़ने पर उसका इलाज गुजरात में कराया जा रहा है। फिलहाल निगम ने लोगों को उबालकर पानी पीने और सतर्क रहने की सलाह दी है।

---

### मप्र से अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन टूटा, खाड़ी देश जाने पर लगेगा ज्यादा समय और पैसा


# इंदौर-शारजाह फ्लाइट को बुकिंग सिस्टम से हटाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

एयर इंडिया एक्सप्रेस ने इंदौर से शारजाह के बीच संचालित होने वाली मध्य प्रदेश की एकमात्र नियमित अंतरराष्ट्रीय उड़ान को अपने बुकिंग सिस्टम से पूरी तरह हटा दिया है। 28 फरवरी से बंद चल रही इस उड़ान को कंपनी ने पहले 1 जुलाई 2026 से दोबारा शुरू करने की घोषणा की थी, जिसके लिए बकायदा बुकिंग भी शुरू की गई थी। लेकिन, अब स्थिति यह है कि जुलाई ही नहीं, बल्कि आगामी महीनों में भी यह उड़ान एयर लाइन के सिस्टम पर दिखाई नहीं दे रही है।

संकेत मिल रहे हैं कि फिलहाल कंपनी के पास इस फ्लाइट को दोबारा शुरू करने की कोई योजना नहीं है। इस फ्लाइट के स्थायी रूप से बंद होने के कारण इंदौर और मालवा-निमाड़ से यूएई तथा आगे की यात्रा करने वाले यात्रियों को अब भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

**दिल्ली, मुंबई जैसे महानगरों से जाना पड़ रहा-** इस उड़ान के जरिए से बड़ी संख्या में यात्री यूएई के अलावा खाड़ी देशों और अन्य अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों तक कनेक्टिंग फ्लाइट्स के जरिए यात्रा करते थे। उड़ान पूरी तरह बंद होने से न केवल इंदौर, बल्कि भोपाल, उज्जैन, देवास, रतलाम और पूरे मालवा-निमाड़ क्षेत्र के यात्रियों को बड़ा नुकसान हो रहा है। अब विदेशी सफर के लिए यात्रियों को दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरू और हैदराबाद जैसे महानगरों के एयरपोर्ट्स का रुख करना पड़ रहा है।



**फरवरी में बंद हुई थी, कई बार बदला शेड्यूल-** पश्चिम एशिया में उपजे तनावपूर्ण हालातों के बाद एयर इंडिया एक्सप्रेस ने 28 फरवरी से इस फ्लाइट का संचालन बंद कर दिया था। 'ट्रैवल एजेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया' के प्रदेश अध्यक्ष अमोल कटारिया ने बताया उन्होंने बताया कि हाल ही में कंपनी ने हफ्ते में चार दिन (रविवार, सोमवार, बुधवार और शुक्रवार) उड़ान संचालन का नया शेड्यूल जारी कर जुलाई से बुकिंग शुरू की थी। ट्रैवल एजेंट्स और यात्रियों को उम्मीद थी कि इस बार सेवा बहाल हो जाएगी, लेकिन अब कंपनी ने इस पूरे रूट को ही सिस्टम से उड़ा दिया है, जिससे यात्रियों में भारी निराशा है।

#### बार-बार तारीखें टलने से घटा यात्रियों का भरोसा

ट्रैवल कारोबार से जुड़े विशेषज्ञों का कहना है कि एयरलाइन द्वारा बार-बार बुकिंग खोलने और फिर अंतिम समय पर उड़ान टालने से यात्रियों का भरोसा बुरी तरह प्रभावित हुआ है। कई यात्रियों को टिकट बुकिंग के बाद रिफंड और री-शेड्यूलिंग की भारी मानसिक व आर्थिक परेशानी झेलनी पड़ी थी। यही वजह रही कि बाद के चरणों में जब दोबारा बुकिंग शुरू हुई, तो यात्रियों ने इसमें ज्यादा रुचि नहीं दिखाई। फ्लाइट के शुरु न होने के पीछे यात्रियों का यह घटता रिस्पॉन्स भी एक प्रमुख कारण माना जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष अमोल कटारिया के अनुसार, अगर लंबे समय तक इंदौर से यह एकमात्र इंटरनेशनल रूट बंद रहता है, तो इंदौर एयरपोर्ट की अंतरराष्ट्रीय कनेक्टिविटी पर बेहद बुरा असर पड़ेगा। इससे भविष्य में इंदौर से शुरू होने वाली अन्य नई अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को लेकर भी एयरलाइंस कंपनियां हाथ खींच सकती हैं।

---

# रिटायर्ड आर्मीमैन ने लूटे 30 लाख रुपए, 3 हिरासत में

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

पंढरीनाथ क्षेत्र में 30 लाख रुपए की लूट के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को हिरासत में लिया है। शुरूआती जांच में सामने आया है कि पीड़ित के यहां काम करने वाला एक रिटायर्ड आर्मीमैन कर्मचारी कथित रूप से पूरी वारदात का मास्टरमाइंड था। उसी ने अपने साथियों को रकम की आवाजाही की जानकारी देकर लूट की योजना तैयार कराई थी।

पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने घटना के बाद मामले के शीघ्र खुलासे के निर्देश दिए थे। इसके बाद करीब 25 पुलिसकर्मियों की टीम आरोपियों की तलाश और तकनीकी जांच में जुटी हुई थी।

पुलिस जांच में मनय उर्फ मुकेश अग्रवाल के यहां काम करने वाले कर्मचारी चंद्रशेखर मुकाती की भूमिका सामने आई। पूछताछ में उसने अपने दो साथियों प्रवीण और अमर सिंह निवासी परदेशीपुरा के नाम बताए।

इसके बाद पुलिस ने देर रात दोनों संदिग्धों को भी हिरासत में ले लिया। प्रवीण उज्जैन का रहने वाला है। जबकि अमर मूल रूप से भोपाल का है उस पर करीब आधा दर्जन अपराध भी दर्ज है। लूट के बाद वह राजस्थान भाग गए थे। जिसमे चंद्रशेखर उन्हे पूरी जानकारी दे रहा था।

जांच में सामने आया है कि चंद्रशेखर मुकाती रिटायर्ड आर्मीमैन है। उसने कथित रूप से पहले पीड़ित की गतिविधियों की रेकी की और यह जानकारी जुटाई कि मनय अग्रवाल कब और किस रास्ते से नकदी लेकर आते-जाते हैं। पुलिस के अनुसार इसी जानकारी के आधार पर लूट की योजना बनाई गई और वारदात को अंजाम दिया गया।

पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर लूटी गई रकम की बरामदगी और उसके ठिकाने के बारे में जानकारी जुटा रही है। मामले में जल्द ही पुलिस की ओर से आधिकारिक खुलासा किए जाने की संभावना है।

---

# आईडीए के प्लॉट और प्रॉपर्टी निवेश के नाम पर ठगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में एक कथित रियल एस्टेट कारोबारी, उसकी पत्नी और पिता पर प्रॉपर्टी निवेश, प्लॉट बिक्री और समिति की सदस्यता दिलाने के नाम पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी के आरोप लगे हैं। मामले में दो पीड़ितों ने मंगलवार को क्राइम ब्रांच और जोन-2 पुलिस अधिकारियों से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

**दंपती समेत तीन के खिलाफ शिकायत, पुलिस कमिश्नर ने दिए जांच के आदेश**

शिकायत लेकर पहुंचे मनीष लोहाना और निलेश बामनिया ने आरोप लगाया कि अभिषेक उमरे खुद को बड़ा रियल एस्टेट कारोबारी बताकर लोगों से संपर्क करता था। वह भारत सरकार लिखी वीआईपी नंबर की गाड़ियों का उपयोग करता था और प्रभावशाली परिवार से जुड़े होने का दावा कर लोगों का भरोसा जीतता था।

मनीष लोहाना के मुताबिक अभिषेक उमरे ने उन्हें स्कीम नंबर-136 स्थित एक आईडीए प्लॉट में निवेश कराने और मोटा मुनाफा दिलाने का झांसा दिया। शिकायत के अनुसार अलग-अलग किश्तों में अभिषेक और उसकी पत्नी के बैंक खातों में कुल 5.80 लाख रुपए जमा कराए गए। बाद में दबाव बनाने पर केवल 1.50 लाख रुपए लौटाए गए, जबकि 4.30 लाख रुपए अब तक वापस नहीं किए गए हैं।

वहीं दूसरे शिकायतकर्ता निलेश बामनिया ने आरोप लगाया कि अभिषेक उमरे ने महालक्ष्मी नगर स्थित एक प्लॉट को अपना बताकर बेचने और एक समिति की सदस्यता दिलाने का वादा किया था। निलेश के अनुसार उन्होंने ऑनलाइन और नकद मिलाकर करीब 10 लाख रुपए दिए, लेकिन बाद में पता चला कि संबंधित प्लॉट अभिषेक के नाम पर ही नहीं है। साथ ही समिति से जुड़े कोई वैध दस्तावेज भी उपलब्ध नहीं कराए गए। शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया कि अभिषेक उमरे ने अन्य लोगों से भी प्रॉपर्टी निवेश और प्लॉट बिक्री के नाम पर रकम ली है। उन्होंने कमलेश देशमुख और तरुण पटेल सहित अन्य लोगों के साथ भी कथित धोखाधड़ी होने की जानकारी पुलिस अधिकारियों को दी। पूरे मामले में शिकायतकताओं ने अभिषेक उमरे, उसकी पत्नी और पिता दिनेश उमरे की भूमिका की जांच कर वैधानिक कार्रवाई की मांग की है।

---

### नगर निगम का जनकल्याण शिविर शुरू, 22 जोन में 18 जून तक 110 सरकारी योजनाओं का लाभ

# एक ही जगह मिलेंगी आवेदन और सेवा सुविधाएं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर नगर निगम ने आम नागरिकों को एक ही स्थान पर सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ देने के लिए तीन दिवसीय जनकल्याण शिविरों की शुरूआत कर दी है। मंगलवार को महापौर पुष्यमित्र भार्गव और निगमायुक्त क्षितिज सिंघल ने जोन क्रमांक-4 संगम नगर कार्यालय में शिविर का शुभारंभ किया।

ये शिविर 16 से 18 जून तक शहर के सभी 22 जोन कार्यालयों में लगाए जाएंगे, जहां पात्र हितग्राहियों को 110 से अधिक शासकीय योजनाओं और सेवाओं की जानकारी व लाभ उपलब्ध कराया जाएगा।

नगर निगम के मुताबिक, यह शिविर शासन के निर्देशानुसार विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) के बीच आयोजित किए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य ऐसे पात्र लोगों की पहचान करना है, जो अब तक विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित हैं, ताकि उन्हें मौके पर ही आवेदन, पंजीयन, दस्तावेज सत्यापन और सेवा वितरण की सुविधा मिल सके।



शुभारंभ कार्यक्रम में महापौर परिषद सदस्य अश्विनी शुक्ल, सचेतक कमल वाघेला, पार्षद पराग कौशल, शिवम यादव, महापौर प्रतिनिधि शैलू दवे, अपर आयुक्त नरेंद्र नाथ पांडे और जोनल अधिकारी आनंद रैदास सहित बड़ी संख्या में हितग्राही मौजूद रहे।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्षों की विकास यात्रा और मुख्यमंत्री के निदेशों के तहत इन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं ने जरूरतमंदों को गरीबी रेखा से ऊपर लाने का काम किया है और अब एक ही छत के नीचे इन योजनाओं का लाभ नागरिकों तक पहुंचाया जा रहा है।

निगमायुक्त क्षितिज सिंघल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र हितग्राहियों को उनकी पात्रता के अनुसार योजनाओं का लाभ दिलाया जाए और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए।

---

### हत्या से एक महीने पहले बुजुर्ग ट्रस्टी ने कहा था- साहब, ये मुझे मार डालेगा


# पांच केस दर्ज, फिर भी इंदौर में घूमता रहा हत्यारा, एफआईआर के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र स्थित 150 साल पुराने बारामत्था बगीची शिव-हनुमान मंदिर के 70 वर्षीय ट्रस्टी कैलाश चंद्र मोदी की डंडों से पीट-पीटकर हत्या के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है।

कैलाश मोदी ने हत्या से करीब एक महीने पहले पुलिस और प्रशासन को लिखित शिकायत देकर जान का खतरा बताया था। उन्होंने चौकीदार मुकेश शर्मा पर मंदिर परिसर में गुंडागर्दी, अवैध कब्जे की कोशिश और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे, लेकिन समय रहते ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

मंगलवार (16 जून) सुबह मंदिर परिसर में कैलाश मोदी की बेरहमी से हत्या कर दी गई। हत्या का आरोप मंदिर के चौकीदार मुकेश शर्मा पर है। उसके खिलाफ अन्नपूर्णा थाने में मारपीट, धमकी, अवैध हथियार और वसूली सहित पांच आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं।



परिजन के मुताबिक कैलाश मोदी आरोपी की हरकतों से परेशान थे। उन्होंने 13 मई को पुलिस कमिश्नर, कलेक्टर, एसीपी और थाना प्रभारी को शिकायत देकर कहा था कि आरोपी उन्हें कभी भी जान से मार सकता है।

शिकायत में कहा गया था कि आरोपी मंदिर परिसर में दबाव बनाकर कब्जा करना चाहता था और विरोध करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी देता था।

परिजन ने आरोप लगाया कि यदि पुलिस पुराने मामलों को देखते हुए आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करती तो कैलाश मोदी की जान बच सकती थी। हत्या के बाद पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और पूर्व शिकायतों को भी जांच का हिस्सा बनाया है। दिसंबर 2025 में केस दर्ज होने के बाद भी आरोपी पर सख्ती नहीं हुई। आरोपी लगातार मंदिर परिसर के आसपास शराबखोरी करता रहा। इससे परेशान होकर 21 अप्रैल 2026 को कैलाश मोदी कलेक्टर कार्यालय की जनसुनवाई में पहुंचे और सुरक्षा की मांग करते हुए लिखित शिकायत दी।

#### आरोपी मुकेश पर पहले से दर्ज थे 5 मामले

पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक आरोपी मुकेश शर्मा पिता बाबूलाल शर्मा आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ अन्नपूर्णा थाने में मारपीट, धमकी, अवैध हथियार रखने और अवैध वसूली सहित पांच गंभीर प्रकरण दर्ज हैं।

#### दिसंबर 2025 में पहली बार हुआ था हमला

परिजनों के मुताबिक मुकेश शर्मा लंबे समय से मंदिर परिसर पर कब्जा जमाने की कोशिश कर रहा था। उस पर श्रद्धालुओं से अभद्रता, शराबखोरी, जुआ खिलाने और अश्लील हरकतें करने के आरोप थे। 8 दिसंबर 2025 को सुबह करीब 10:30 बजे मंदिर में मरम्मत का काम चल रहा था। मुकेश वहां पहुंचा और काम रुकवाने लगा। विरोध करने पर उसने कैलाश मोदी से गाली-गलौज की और प्लास्टिक की भारी रॉड से उनके कंधे और कमर पर कई वार किए। बीच-बचाव करने आए मजदूरों को भी उसने धमकाया। गंभीर रूप से घायल कैलाश मोदी का अस्पताल में इलाज चला। बाद में 11 दिसंबर को इस मामले में एफआईआर दर्ज हुई।

# छात्रों का सर्वांगीण विकास करना ही शिक्षा का अंतिम ध्येय है-सिसोदिया

ब्रह्मास्त्र ›› पिपलिया मंडी



एकीकृत शा.बा.उ.मा.वि. पिपलिया स्टेशन में शिक्षण सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में नगर परिषद के उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति के पदेन अध्यक्ष श्री भारत सिंह सोनगरा के मुख्य आतिथ्य, प्राचार्य श्री बी.आर. सिसोदिया की अध्यक्षता तथा प्रबुद्ध शिक्षाविद श्री भगवती प्रसाद गेहलोत के विशेष आतिथ्य में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से वरिष्ठ शिक्षिका शाहेना परवीन खान, अभिभावक अर्जुन सिंह, जन शिक्षक सतनारायण मंत्री, संकुल समन्वयक दीनदयाल सिंह शक्तावत, विद्यालय परिवार के श्री निर्मल कुमार सुनार्थी, गोपाल कच्छावा, अंजुम शाह, पूनम परमार, रीना वर्मा, जय कुमारी जैन, सीमा बड़वाल, नीरज सोनी, जगदीश गुजरिया, एनके वर्मा, पीएल चौहान, मीनाक्षी मोड़, सोहराब खान पठान, राजेंद्र दयम, रमेश चंद जाटव, प्रकाश प्रजापति, प्रदीप हिंदल, मोहम्मद हुसैन मंसूरी, जगदीश मेघवाल, सुमित्रा व्यास की उपस्थिति में शाला में सर्व प्रथम अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजन किया व भारत की प्रथम महिला शिक्षिका माता वाली सावित्रीबाई फूले के चित्र पर पुष्पहार अर्पित कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया, नव प्रवेशित छात्रों को तिलक लगाकर पुष्प मालाए पहनाई गई और पाठ्य पुस्तक तथा स्टेशनरी का वितरण कर प्रवेशोत्सव मनाया गया बाद में छात्रों को अल्पाहार एवं मध्यान भोजन करवाया गया। नवप्रवेशित छात्रों का अतिथियों व शिक्षकों ने पुष्प हार पहनाकर स्वागत किया व पुस्तक वितरण किया ।

इस अवसर पर श्री सोनगरा ने कहा कि सरकारी विद्यालय के बच्चे देश दुनिया में अपना हुनर दिखा रहे हैं : छात्र नियमित शाला में आएं व अच्छी पढ़ाई करें ताकि वे जीवन में आगे बढ़ सकें, श्री गेहलोत ने कहा कि शाला में प्रशोत्सव यानि ज्ञान के मंदिर में दीप जलाना है,आज से आप पुस्तक -कापी कलम के प्रति प्रतिबद्ध होकर अपना भविष्य गढ़ने की शुरूआत करेंगे। प्राचार्य श्री सिसोदिया ने कहा शाला के सभी शिक्षकगण आपके मार्गदर्शन के लिए तत्पर है सभी छात्र नित्य नियमित रूप से शाला में आएं और समय पर अपना शैक्षणिक कार्य पूरा करते रहें नियमितता से ही अपने लक्ष्य को पूरा किया जा सकता है और शिक्षा ही व्यक्ति के सर्वांगीण विकास का अंतिम ध्येय है। इसके साथ उन्होंने कई सफल महापुरुषों के उदाहरण प्रस्तुत उदाहरण किए। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य श्रीमती शाहिना परवीन खान के द्वारा छात्रों को नियमित रूप से अध्ययन करने की सलाह दी गई, जन शिक्षक श्री सत्यनारायण मंत्री ने शिक्षा रूपी प्रकाश को सभी और फैलाने का आह्वान किया, शिक्षक दीनदयाल सिंह शक्तावत, पीएल चौहान, श्री कछावा, शिक्षको ने भी अपने विचार व्यक्त किए, कार्यक्रम का संचालन शिक्षक निर्मल कुमार सुनार्थी ने किया।

## खबर एक नजर...

### पीजी कॉलेज में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना कैंप संपन्न

मन्दसौर। राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर में अंतिम वर्ष के स्नातक और स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत एक दिवसीय जागरूकता कैंप का सफल आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जे. एस. दुबे के मार्गदर्शन और निर्देशन में आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को रोजगारपरक अवसरों से जोड़ना था। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को योजना से जुड़े रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया, आवश्यक योग्यता, सरकारी गाइडलाइंस और भविष्य में मिलने वाले लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और उन्हें इस योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय की विशेष समिति के सदस्य हीरालाल जाटव, सचिन शर्मा, रजत जैन और संतोष मालवीय ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

### टीबी मरीजों को बांटी गई फूड बास्केट

मंदसौर। नगर परिषद नगरी में आयोजित जनकल्याण शिविर के दौरान स्वास्थ्य और समाज सेवा से जुड़ा एक सराहनीय कार्य किया गया। शिविर में क्षेत्र में उपचार ले रहे टीबी के मरीजों को विकास मिनरल्स संस्था के सहयोग से पोषाहार हेतु डोनेट फूड बास्केट का वितरण किया गया। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा टीबी मरीजों को निक्षय पोर्टल से संबंधित आ रही तकनीकी समस्याओं, जैसे डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) राशि प्राप्त करने और फेस वेरिफिकेशन की दिक्कतों का मौके पर ही निराकरण किया गया। इस अवसर पर सीएमओ धर्मचंद जैन, स्वास्थ्य विभाग से विजय नागोरे, बद्रीलाल प्रजापति, महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी, आयुष विभाग, कृषि विभाग, विद्युत विभाग, पशुपालन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### महारानी लक्ष्मीबाई का बलिदान दिवस 18 को

मंदसौर। स्वाधीनता संग्राम की महानायिका वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई का बलिदान दिवस मनाने के लिए दशपुर जागृति संगठन की एक बैठक अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र पुराणिक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी आगामी 18 जून को प्रातः 9 बजे महारानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा स्थल पर पूरे उमंग और उत्साह के साथ श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष हरिशंकर शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बी.एस. सिसोदिया, अजीजुल्लाह खान, अरुण गौड़ आदि उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने सुनीं 120 आवेदकों की समस्याएं

मंदसौर। जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर अदिती गर्ग ने 120 आवेदकों की समस्याओं और शिकायतों को गंभीरता से सुना। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि आम नागरिकों की समस्याओं का समय पर और उचित समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसी भी व्यक्ति को अनावश्यक परेशान न होना पड़े। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि लोगों को न्याय दिलाना और उनकी समस्याओं को हल करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनसुनवाई में आए विभिन्न गंभीर मामलों में उन्होंने तुरंत संबंधित विभागों को जांच के निर्देश जारी किए।

### जिला स्तरीय नशामुक्ति जनजागरूकता प्रशिक्षण 22 को

मंदसौर। नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिले को व्यसन मुक्त बनाने के प्रयासों को गति देने के लिए एक दिवसीय जिला स्तरीय नशामुक्ति जनजागरूकता प्रशिक्षण का आयोजन 22 जून को प्रातः 10 बजे से जनपद पंचायत सभागृह मंदसौर में किया जा रहा है। अपर कलेक्टर एकता जाय सवाल ने बताया कि इस प्रशिक्षण में जिले के समस्त शासकीय विभागों के मास्टर वालिंटियर्स को प्रशिक्षित किया जाएगा। इस विशेष सत्र का संचालन मध्य प्रदेश जल एवं भूमि प्रबंधन संस्थान (वाल्मी) द्वारा किया जाएगा, जिसका मुख्य उद्देश्य समाज में नशे के खिलाफ प्रभावी जनजागरूकता पैदा करना है।

### स्मार्ट मीटर के विरोध में शहर कांग्रेस कमेटी ने सौंपा ज्ञापन

मन्दसौर। शहर कांग्रेस कमेटी, मंदसौर ने बिजली के स्मार्ट मीटर के कारण बढ़े हुए बिजली बिलों की जाँच एवं उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करने हेतु एक ज्ञापन म.प्र.प.क्षे.वि.वि.कं. के कार्यपालन यंत्री को सौंपा। ज्ञापन में कहा कि स्मार्ट मीटर लगाने से आम उपभोक्ताओं को अत्यधिक आर्थिक मार झेलनी पड़ रही है जिससे भारी जन आक्रोश है। विद्युत विभाग के ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा पुराने मीटरों को बदलकर उनके स्थान पर स्मार्ट मीटर को उपभोक्ताओं की सहमति के बिना लगाया जा रहा है, जबकि शासन द्वारा इन मीटरों को अभी अनिवार्य नहीं किया गया है। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर, मो. हनीफ शेख,सोमिल नाहटा, मनजीत सिंह टुटेजा, विकास दशोरा, सुरेंद्र कुमावत, रफत पयामी, तरुण खींची, निर्विकार रातड़िया आदि ने सम्बोधित किया। शहर ब्लॉक अध्यक्ष इष्टा भाचावत ने ज्ञापन का वाचन किया आभार पंकज जोशी ने माना। इस अवसर पर नरेन्द्र नाहटा, मनजीतसिंह टूटेजा, विकास दशौरा, राजेश खिंची, प्रीतम पंचोली, सुनील बसेर, पंकज जोशी, राखी सत्रावाला, नम्रता सत्रावाला आदि उपस्थित थे।

# अफीम किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु नीति सुधार आवश्यक

ब्रह्मास्त्र ›› नीमच

ाीमच के मंगलम रिसोर्ट में आयोजित जिला अफीम सलाहकार समिति की बैठक में सांसद सुधीर गुप्ता ने अफीम उत्पादक किसानों की समस्याओं, सुझावों एवं मांगों को प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि नीमच-मंदसौर-रतलाम क्षेत्र देश का सबसे बड़ा एवं प्रमुख अफीम उत्पादक क्षेत्र है, इसलिए यहां के किसानों की समस्याओं का समाधान केंद्र सरकार की आगामी अफीम नीति में प्राथमिकता से किया जाना चाहिए। सांसद गुप्ता ने किसानों ने विभिन्न विषयों पर अपने सुझाव एवं समस्याएं समिति के समक्ष रखीं, जिन पर विस्तृत चर्चा की गई। सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि आगामी वर्ष के लिए औसत मॉर्फीन मानक 3.5 प्रतिशत निर्धारित किया जाए, ताकि प्राकृतिक परिस्थितियों से प्रभावित किसानों को राहत मिल सके। उन्होंने ओलावृष्टि, अतिवृष्टि एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित किसानों के लाइसेंस नवीनीकरण में विशेष छूट देने की मांग भी रखी। उन्होने बैठक में कहा कि वर्ष 1998-99 से 2022-23 तक 25 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर से अधिक औसत उत्पादन वाले किसानों को पुनः नीति में शामिल किया जाए तथा सभी सीपीएस किसानों को न्यूनतम 10-10 आरी क्षेत्र के लाइसेंस प्रदान किए जाएं। पिछले पांच वर्षों के प्रदर्शन के आधार पर पात्र सीपीएस किसानों को चीरा पद्धति में शामिल करने पोस्ता भूसा उत्पादन देने वाले किसानों को चीरा पद्धति का लाभ देवे।

# सुरक्षा मानकों के क्रियान्वयन के लिए आईआईटी मुंबई के विशेषज्ञ देंगे प्रशिक्षण

'दैनिक अवन्तिका' ›› उज्जैन

सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को अधिक सुरक्षित, व्यवस्थित एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के उद्देश्य से सिंहस्थ मेला अधिकारी एवं जिला कलेक्टर द्वारा किए जा रहे नवाचारों की श्रृंखला में एक और महत्वपूर्ण पहल प्रारंभ की जा रही है। सिंहस्थ से संबंधित विभिन्न निर्माण एवं अधोसंरचना कार्यों में सुरक्षा मानकों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मुंबई के विशेषज्ञ प्रोफेसरों द्वारा निर्माण सुरक्षा क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 18 जून को किया जाएगा।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य सिंहस्थ 2028 से संबंधित निर्माण कार्यों में संलग्न अधिकारियों एवं अभियंताओं को आधुनिक सुरक्षा मानकों, जोखिम प्रबंधन तथा निर्माण स्थलों पर अपनाई जाने वाली सर्वोत्तम सुरक्षा प्रक्रियाओं के संबंध में प्रशिक्षित करना है।

कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम को प्रभावी बनाने के लिए प्रत्येक बैच में लगभग 40 अधिकारियों को शामिल किया जाएगा तथा कुल 6 बैचों में यह प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। प्रथम प्रशिक्षण सत्र का आयोजन 18 जून को प्रस्तावित है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पांच तकनीकी सत्र आयोजित होंगेप्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल पांच तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे। प्रथम सत्र में ₹जोखिमों की जानकारी होने के बावजूद सुरक्षा प्रणालियाँ क्यों विफल हो जाती हैं₹ विषय पर चर्चा की जाएगी, जिसमें ज्ञात जोखिमों के बावजूद सुरक्षा व्यवस्थाओं के विफल होने के कारणों का विश्लेषण किया जाएगा तथा उज्जैन एवं सिंहस्थ से संबंधित परिस्थितियों पर विशेष चर्चा होगी।द्वितीय सत्र में ₹सुरक्षा संबंधी खतरों एवं सुरक्षा संहिताओं के प्रावधानों पर चर्चा₹ विषय के अंतर्गत विभिन्न सुरक्षा जोखिमों तथा उनसे संबंधित सुरक्षा संहिताओं और मानकों की जानकारी दी जाएगी।तृतीय सत्र में ₹सुरक्षा का आकलन एवं नवीनतम निगरानी तकनीकों पर चर्चा₹ विषय पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिसमें सुरक्षा के आकलन की आधुनिक पद्धतियों तथा नवीनतम मॉनिटरिंग तकनीकों से प्रतिभागियों को अवगत कराया जाएगा।चतुर्थ सत्र में ₹कार्यस्थलों के लिए अद्यतन सुरक्षा प्रबंधन योजना का विकास₹ विषय पर चर्चा होगी, जिसके माध्यम से प्रतिभागी अपने-अपने कार्यस्थलों के लिए प्रभावी एवं अद्यतन सुरक्षा प्रबंधन योजनाओं का निर्माण करना सीखेंगे। पंचम एवं अंतिम सत्र में ₹प्रतिभागियों के साथ कार्यस्थल की सुरक्षा प्रबंधन योजना की समीक्षा₹ के अंतर्गत प्रतिभागियों द्वारा तैयार सुरक्षा प्रबंधन योजनाओं की समीक्षा एवं विश्लेषण किया जाएगा तथा विशेषज्ञों द्वारा आवश्यक सुझाव प्रदान किए जाएंगे।

# ट्रक चालक को बचाने पहुंचे सरपंच पर जानलेवा हमला, हाथ में गंभीर चोट

ब्रह्मास्त्र ›› पिपलिया मंडी

बही पार्श्वनाथ ग्राम पंचायत के सरपंच मनमोहन पाराशर पर रविवार देर रात बही फंटे पर अज्ञात बदमाशों द्वारा हमला किए जाने की जानकारी मिली है। घटना में सरपंच गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल उपचार के लिए मंदसौर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। ऐसा सुनने में आया है कि रविवार रात करीब 10.30 बजे सरपंच मनमोहन पाराशर अपने गांव के कमल नामक युवक के साथ बाइक से बही फंटे की ओर जा रहे थे। इसी दौरान उन्होंने देखा कि एक ट्रक चालक के साथ कार में सवार चार व्यक्ति तथा बाइक पर आए दो व्यक्ति बेरहमी से मारपीट कर रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हमलावर ट्रक चालक के साथ गंभीर मारपीट कर रहे थे। घटना के पीछे लूटपाट की नीयत थी या कोई अन्य कारण, इसका खुलासा अभी नहीं हो पाया है। बताया जा रहा है कि ट्रक चालक के साथ हो रही मारपीट देखकर सरपंच मनमोहन पाराशर मौके पर रुके और आरोपियों से मारपीट का कारण पूछा।

## सोमवती अमावस्या पर मंदिरो में गूंजे भक्ति के स्वर

ब्रह्मास्त्र ›› नीमच

सोमवती अमावस्या के दुर्लभ एवं पुण्यदायी संयोग पर सोमवार को कोर्ट मोहल्ला नीमच सिटी स्थित श्री कोटेश्वर महादेव मंदिर (श्री कोटेश्वर धाम) में भव्य श्री शिव भजन-कीर्तन महोत्सव का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। ज्येष्ठ माह के अधिक मास के समापन अवसर पर आयोजित इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में शिव भक्तों ने सहभागिता कर भगवान भोलेनाथ का पूजन-अर्चन किया तथा भजन-कीर्तन में शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री गणेश एवं भगवान शिव के पूजन-अभिषेक के साथ हुआ। इसके पश्चात भजन मंडलियों द्वारा एक से बढ़कर एक शिव भजनों की प्रस्तुतियां दी गईं। संपूर्ण मंदिर परिसर शिवमय वातावरण से गुंजायमान हो उठा। सोमवती अमावस्या के अवसर पर श्रद्धालुओं ने भगवान कोटेश्वर महादेव के दर्शन कर विशेष पूजन-अर्चन किया तथा परिवार की सुख-समृद्धि एवं क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।

## अंबा बावड़ी के संरक्षण को लेकर सकल हिंदू समाज ने सौंपा ज्ञापन

**मंदसौर।** ग्राम सोनगरी स्थित ऐतिहासिक अंबा बावड़ी के संरक्षण और उसे पहुंचाई गई कथित क्षति के मामले को लेकर सकल हिंदू समाज में भारी रोष है। इस संबंध में सकल हिंदू समाज के प्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि अंबा बावड़ी क्षेत्र हिंदू समाज की प्राचीन आस्था और धार्मिक श्रद्धा का एक प्रमुख केंद्र रहा है।

## विकास प्राधिकरण अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का किया सम्मान

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम

श्री गोपाल जी बड़ा मंदिर न्यास द्वारा श्री पुरुषोत्तम मास के समापन के अवसर पर द्वारा रतलाम विकास प्राधिकरण अध्यक्ष श्री मनोहर पोरवाल और उपाध्यक्ष गोविंद काकानी का सम्मान किया गया।

श्री गोपाल मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में नवनियुक्त पदाधिकारियों का न्यास द्वारा शाल श्रीफल एवं साफा बांधकर तथा भगवान गोपाल जी की तस्वीर भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर मनोहर पोरवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि सेवा का फल अवश्य ही प्राप्त होता है। अगर सेवा अच्छे मन और दिल से की हो तो । आपने कहा कि मुझे यह दायित्व भगवान गोपाल जी के आशीर्वाद से प्राप्त हुआ है उसे मैं पूरी क्षमता से निर्वाहन करूंगा। रतलाम शहर के विकास में मेरी भागीदारी भगवान के आशीर्वाद से पूरी कर सकू ऐसी भगवान से प्रार्थना है कि मैं इस दायित्व का निर्वाहन करने में समर्थ हो सकूं । आपने प्राधिकरण की भावी योजनाओं के बारे में जानकारी दी तथा कहा कि प्राधिकरण सर्वहारा वर्ग के लिए कार्य करेगा। कार्यक्रम को उपाध्यक्ष गोविंद काकानी ने भी संबोधित किया । न्यासीगण लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, मांगीलाल अग्रवाल (रस्सीवाला), महेश व्यास, किशोर मित्तल, रमेश गर्ग, केदार अग्रवाल, ताराचंद पालीवाल, जगजीवन राम, सत्यनारायण पोरवाल, सोनू व्यास, बजरंग पुरोहित, मोहनलाल भट्ट, जनक नागल, सुरेश दवे, एवं हनुमान भक्त मंडल के बसंत पंड्या, अभय श्रीमाल, पवन सोनी, विकास पोरवाल, संजय सोनी एवं सुनील पालीवाल ने अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन महेश व्यास एवं आभार रमेश गर्ग ने माना ।

# सरकारी अस्पताल में मरीज को देखने आए डॉक्टर के साथ मारपीट

ब्रह्मास्त्र ›› आलोट




सरकारी अस्पताल में भर्ती घायल युवक को मेडिकल कॉलेज रेफर करने की बात पर उसके साथियों ने बीएमओ डॉ. देवेंद्र कुमार मौर्य के साथ मारपीट की अचानक हूवे हमले से डॉक्टर मोर्य बेहोश हो गये थे घटना से नाराज स्वास्थ्यकर्मियों ने मंगलवार सुबह काम बंद कर हड़ताल कर दी और थाने के सामने धरना दिया। जानकारी के अनुसार सड़क दुर्घटना में घायल मुमताज को सोमवार रात 9.30 बजे आलोट सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। ड्यूटी डॉक्टर रोहित चौधरी ने उपचार के बाद मुमताज को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया था।

रात करीब 11 बजे अमजद नामक व्यक्ति ने बीएमओ डॉ. देवेंद्र कुमार मौर्य को फोन कर आईसीयू में घायल को देखने बुलाया। डॉ. मौर्य वहां पहुंचे और घायल को देखकर कहा कि रेफर किया जा चुका है, मेडिकल कॉलेज ले जाओ। इस पर आरोपी अमजद व उसके साथी आक्रोशित हो गए और डॉ. मौर्य से गाली-गलौच कर मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने उन्हें चैंबर तक ले जाकर मारपीट की। शोर सुनकर अन्य स्वास्थ्यकर्मी पहुंचे और बीच-बचाव कर डॉक्टर को छुड़ाया।

बीएमओ डॉ. देवेंद्र कुमार मौर्य ने आलोट थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने उन्हें नाक, बायीं कनपट्टी, सिर, आंख, होंठ व गाल पर चोट पहुंचाई और जान से मारने की धमकी दी। थाना प्रभारी मुनेन्द्र गौतम के अनुसार डॉ. मौर्य की रिपोर्ट पर आरोपी अमजद व उसके साथियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। दो आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। अस्पताल में लगे सीसीटीवी फुटेज पुलिस ने जब्त किए हैं।

घटना से आक्रोशित डॉक्टरों व स्वास्थ्यकर्मियों ने मंगलवार सुबह काम बंद कर हड़ताल कर दी, जिससे अस्पताल की व्यवस्थाएं ठप हो गईं। बड़ी संख्या में स्वास्थ्यकर्मी व डॉक्टर आलोट थाने पहुंचे और थाने के सामने धरने पर बैठकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। नायब तहसीलदार राजेश पाटीदार को एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में पीड़ित डॉक्टर को सुरक्षा देने, आरोपियों के अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई और जुलूस निकालने की मांग की गई। अधिकारियों द्वारा सख्त कार्रवाई के आश्वासन पर धरना समाप्त कर हड़ताल भी समाप्त की गई।

निजी चिकित्सक संघ व औषधि विक्रेता संघ ने भी नायब तहसीलदार को ज्ञापन देकर उचित कार्रवाई की मांग की। धरना प्रदर्शन का संचालन डॉ. सुनील चोपड़ा ने किया। पूर्व जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. *प्रकाश विष्णु फुलंब्रिकर ने सख्त कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन का वाचन मेडिकल ऑफिसर डॉ. अब्दुल कादिर ने किया। समाजसेवी विक्रम नावटिया ने भी ठोस कार्रवाई की मांग की। इस दौरान डॉ. रोहित चौधरी, होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. कमलेश शेर, प्रशांत जोशी, डॉ. दिनेश राठौर, डॉ. विनोद पाटीदार, डॉ. तनुज पाटीदार, डॉ. दशरथ पाटीदार, डॉ. अंशुल चोपड़ा, डॉ. संयम आचलिया, औषधि विक्रेता संघ सचिव दिलीप पोरवाल, राजेंद्र राका, कृष्णकांत गुप्ता, अंकित भंडारी, आशीष गोयल आदि उपस्थित थे।

# संजीवनी क्लीनिक में बहु-विशेषज्ञता स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया

### 320 लोगों की नेत्र जांच एवं 90 निःशुल्क चश्मों का वितरण

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम



देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व में सेवा, सुशासन एवं जन कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में दीनदयाल नगर स्थित संजीवनी क्लीनिक में बहु-विशेषज्ञता स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 413 नागरिकों ने विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्राप्त किया।

शिविर का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय द्वारा किया गया। इस अवसर पर रतलाम विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष मनोहर पोरवाल, उपाध्यक्ष गोविंद काकानी एवं प्रवीण सोनी, जिला महामंत्री जयवंत कोठारी, जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद राठौड़, जन कल्याण शिविर टोली सदस्य राजेंद्र पाटीदार एवं हेमंत राहोरी, दीनदयाल मंडल अध्यक्ष नंदकिशोर पवार, वार्ड क्रमांक 19 की पार्षद श्रीमती कविता चौहान, वार्ड क्रमांक 20 की पार्षद श्रीमती संगीता सोनी, मंडल महामंत्री शुभम चौहान, आकाश खड़के, पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं कार्यकताओं ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं।

शिविर में गोमाबाई नेत्रालय, नीमच की विशेषज्ञ टीम द्वारा 320 लोगों की आंखों की जांच की गई। जांच के दौरान 90 जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क चश्मों का वितरण किया गया तथा निःशुल्क आई ड्रॉप एवं आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया। विस्तृत नेत्र परीक्षण के पश्चात 48 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन की सलाह दी गई, जबकि 40 से अधिक मरीजों को उन्नत जांच एवं विशेषज्ञ उपचार हेतु गोमाबाई नेत्रालय रेफर किया गया।



# मंडी शुल्क बढ़ाने के विरोध में मण्डी व्यापारियों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

ब्रह्मास्त्र ›› मंदसौर

मध्यप्रदेश सरकार द्वारा मंडी शुल्क (मंडी टैक्स) को 1 प्रतिशत से बढ़ाकर 1.5 प्रतिशत किए जाने के फैसले के विरोध में स्थानीय कृषि उपज मंडी में दशपुर मंडी व्यापारी संघ मंडी सचिव को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों का कहना है कि सरकार का यह फैसला व्यापार जगत के हित में नहीं है और इससे स्थानीय स्तर पर कारोबार बुरी तरह प्रभावित होगा।

ज्ञापन सौंपते समय व्यापारी संघ के पदाधिकारियों ने अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार द्वारा अचानक की गई इस आधे प्रतिशत की टैक्स वृद्धि से कृषि उपज व्यापार पर भारी अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। व्यापारियों ने तर्क दिया कि मंडी टैक्स बढ़ने से न केवल व्यापारियों का बजट बिगड़ेगा, बल्कि इसका सीधा और अप्रत्यक्ष असर क्षेत्र के किसानों पर भी पड़ेगा, जिससे दोनों ही पक्षों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। व्यापारियों ने सरकार से पुरजोर मांग की है कि इस जनविरोधी निर्णय को तत्काल वापस लिया जाए और मंडी शुल्क को पूर्ववत रखते हुए फिर से 1 प्रतिशत तय किया जाए।

### दुनिया की तेल सप्लाई पर खतरा बढ़ा

# अमेरिकी खुफिया रिपोर्ट- जंग के बाद और ताकतवर हुआ ईरान, जब चाहे होर्मुज स्ट्रेट बंद कर सकता है







**ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन**

अमेरिका-ईरान समझौते के बीच अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने नई चेतावनी दी है। उठठ की रिपोर्ट के मुताबिक, जंग के बाद ईरान पहले से ज्यादा ताकतवर हो गया है।

खुफिया एजेंसियों का आकलन है कि अब ईरान जब चाहे होर्मुज को बंद कर सकता है। रिपोर्ट से परिचित तीन सूत्रों ने बताया कि युद्ध के बाद ईरान के पास वैश्विक अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाने की एक और नई ताकतवर क्षमता आ गई है। अमेरिकी अधिकारियों का मानना है कि ईरान के पास ऐसा हथियार मिल गया है जो परमाणु बम से ज्यादा असरदार है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि अगर परमाणु बातचीत टूटती है, तो यमन के हूती विद्रोहियों के जरिए बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट में भी संकट पैदा कर सकता है। ऐसे में दुनिया के दो बड़े समुद्री व्यापार मार्ग एक साथ प्रभावित हो सकते हैं। ईरान और ओमान ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की जाएगी। दोनों देशों ने अंतरराष्ट्रीय कानूनों के पालन और क्षेत्र में स्थिरता बनाए रखने पर जोर दिया।

डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अगर इजराइल हिजबुल्लाह के खिलाफ कार्रवाई में आम लोगों की मौत नहीं रोक पा रहा है, तो सीरिया यह जिम्मेदारी संभाल सकता है।

ईरानी संसद स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने कहा कि सिर्फ ईरान में संघर्ष रुकना काफी नहीं है। उन्होंने मांग की कि लेबनान समेत सभी मोर्चों पर युद्ध खत्म हो और इजराइली सेना दक्षिणी लेबनान से पीछे हटे। चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने कहा कि मौजूदा सहमति अंतिम मंजिल नहीं, बल्कि नई शुरूआत है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत का दूसरा चरण पहले से ज्यादा मुश्किल होगा और स्थायी शांति के लिए सभी पक्षों को लगातार प्रयास करने होंगे।

ट्रम्प ने कहा कि वह अगले कुछ दिनों में अमेरिका-ईरान समझौते का पूरा दस्तावेज सार्वजनिक करेंगे। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो प्रेस कॉन्फ्रेंस कर समझौते को शब्द-दर-शब्द पढ़कर भी सुनाएंगे, ताकि उसकी सही जानकारी सामने आ सके।

# अमेरिका के कैलिफोर्निया में बी-52 बॉम्बर क्रैश:8 लोगों की मौत; अधिकारी बोले- कंट्रोल सिस्टम या इंजन में खराबी



अमेरिका के कैलिफोर्निया स्थित एडवर्ड्स एयरफोर्स बेस पर सोमवार सुबह बी-52 बॉम्बर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अमेरिकी वायुसेना के मुताबिक, विमान में सवार सभी 8 लोगों के मारे गए हैं। अमेरिकी वायुसेना के मुताबिक, विमान नियमित परीक्षण उड़ान पर था। सुबह करीब 11.20 बजे टेकऑफ के तुरंत बाद विमान नीचे गिरा और उसमें आग लग गई।

मृतकों में वायुसेना के जवान और विमान परीक्षण से जुड़े विशेषज्ञ शामिल थे। फिलहाल दुर्घटना की वजह साफ नहीं है। अनुमान है कि विमान का कंट्रोल सिस्टम, इंजन या टेस्टिंग किए जा रहे किसी उपकरण में खराबी आई होगी। अधिकारियों ने यह नहीं बताया है कि क्या विमान में हथियार मौजूद थे। हादसे के बाद एयरफील्ड को बंद कर दिया गया है और आने वाले विमानों को दूसरे एयरबेस की ओर भेजा जा रहा है।

### कंट्रोल सिस्टम में खराबी की आशंका

विमानन सुरक्षा विशेषज्ञ जेफ गुजेटी ने कहा कि विमान जिस तरह उड़ान भरने के तुरंत बाद गिरा, उससे शुरूआती तौर पर फ्लाई कंट्रोल सिस्टम में खराबी की आशंका लगती है। हालांकि, उन्होंने कहा कि जांच पूरी होने से पहले किसी नतीजे पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। गुजेटी के मुताबिक, यह मेंटेनेंस के बाद नियंत्रण प्रणाली में गड़बड़ी, इंजन की गंभीर खराबी या किसी परीक्षण उपकरण के फेल होने का मामला भी हो सकता है। उन्होंने कहा कि परीक्षण उड़ानें सामान्य उड़ानों की तुलना में अधिक जोखिम भरी होती हैं।




### एडवर्ड्स एयरफोर्स बेस पर होती है टेस्टिंग

**एडवर्ड्स एयरफोर्स बेस लॉस एंजिलिस से करीब 161 किलोमीटर उत्तर में स्थित है। यह अमेरिकी वायुसेना के विमान परीक्षण और विकास का प्रमुख केंद्र है। यहां नए विमानों, हथियार प्रणालियों, सॉफ्टवेयर और उपकरणों का परीक्षण किया जाता है।**

### 21 मईः अमेरिका में एअ-18G दो फाइटर जेट क्रैश हुए

अमेरिका में 21 मई को दो एअ-18G ग्रोलर फाइटर जेट क्रैश हो गए थे। हादसा इडाहो स्थित माउंटेन होम एयरफोर्स बेस पर एयर शो के दौरान हुआ। न्यूज एजेंसी अढ के मुताबिक दोनों विमानों में सवार सभी 4 क्रू मेंबर हादसे से कुछ सेकेंड पहले सुरक्षित बाहर निकल गए। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में भी चार पैराशूट दिखे हैं।



# नेपाल ने चीन के सामने कालापानी-लिपुलेख का मुद्दा उठाया



**ब्रह्मास्त्र ›› बीजिंग**

नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल ने बीजिंग में चीन के विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात के दौरान कालापानी, लिम्पियाधुरा और लिपुलेख विवाद का मुद्दा उठाया। उन्होंने भारत और चीन के बीच लिपुलेख दर्रे के इस्तेमाल को लेकर हुए समझौते पर सवाल उठाते हुए पूछा कि यह व्यवस्था किस आधार पर बनाई गई और इसकी प्रकृति क्या है।

इसके जवाब में वांग यी ने कहा कि यह मूल रूप से भारत और नेपाल के बीच का मामला है और इसका समाधान बातचीत से ही निकलेगा। उन्होंने कहा कि इस तरह के मुद्दे संबंधित देशों के बीच कूटनीतिक वार्ता के जरिए सुलझाए जाने चाहिए। नेपाल ने दोहराया कि कालापानी, लिम्पियाधुरा और लिपुलेख उसके क्षेत्र का हिस्सा हैं। काठमांडू पहले भी नई दिल्ली और बीजिंग को विरोध नोट भेजकर कह चुका है कि उसकी सहमति के बिना इस इलाके से जुड़ा कोई समझौता स्वीकार नहीं होगा। भारत और चीन ने 2020 में लिपुलेख दर्रे के जरिए कैलाश मानसरोवर यात्रा और सीमा पार व्यापार को फिर से शुरू करने पर सहमति बनाई थी। दोनों देशों ने इस मार्ग को तीर्थयात्रा और व्यापार के लिए इस्तेमाल करने की व्यवस्था पर सहमति जताई थी। नेपाल ने उस समय इसका विरोध किया था। काठमांडू का कहना था कि लिपुलेख, कालापानी और लिम्पियाधुरा उसके क्षेत्र का हिस्सा हैं, इसलिए उससे बिना राय लिए इस मार्ग को लेकर कोई भी समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता। इसके बाद नेपाल ने भारत और चीन दोनों को राजनयिक विरोध नोट भेजा था। इसके बावजूद भारत और चीन कैलाश मानसरोवर यात्रा और सीमावर्ती व्यापार के लिए इस मार्ग का इस्तेमाल करते रहे हैं।

### खनाल ने भारत दौरे पर नहीं उठाया था मुद्दा

दिलचस्प बात यह है कि शिशिर खनाल ने हाल की भारत यात्रा के दौरान यह मुद्दा नहीं उठाया था। उस समय उन्होंने विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ बातचीत की थी।

बैठक के बाद जारी संयुक्त बयान में भी कालापानी, लिम्पियाधुरा और लिपुलेख का जिक्र नहीं था। ऐसे में कूटनीतिक हलकों में इस बात पर चर्चा है कि नेपाल ने नई दिल्ली के मुकाबले बीजिंग में ज्यादा सख्त रुख दिखाया।

विश्लेषकों का मानना है कि नेपाल दोनों पड़ोसियों के साथ संतुलन बनाए रखते हुए सीमा विवाद को जिंदा रखना चाहता है, लेकिन खुलकर टकराव से भी बचना चाहता है।

### पाकिस्तान में पुलिस फायरिंग में ऑस्ट्रेलियाई बच्ची की मौत

**ब्रह्मास्त्र ›› इस्लामाबाद**

पाकिस्तान में 9 साल की ऑस्ट्रेलियाई बच्ची हानिया अहमद की पुलिस की गोलीबारी में मौत हो गई। हानिया अपने परिवार के साथ पाकिस्तान घूमने आई थी।

स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, ऑस्ट्रेलिया के पर्थ शहर के केवडेल इलाके का यह परिवार पंजाब के चकवाल शहर में अपने रिश्तेदारों से मिलने आया था। बुधवार रात वे किराये की कार से सफर कर रहे थे, तभी कुछ बदमाशों ने उनके गहने लूट लिए। बताया गया है कि मोटरसाइकिल पर सवार दो लुटेरे वारदात के बाद भाग रहे थे। इसी दौरान एक पुलिसकर्मी की नजर उन पर पड़ गई। लुटेरे मौके से फरार हो गए और परिवार की किराये की कार भी वहां से आगे बढ़ गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, पुलिस ने गलती से परिवार की कार को लुटेरों की गाड़ी समझ लिया और उस पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। गोलियां लगने से 9 साल की बच्ची की मौत हो गई, जबकि उसके पिता और बड़े भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। बच्ची की मां सुरक्षित है।

# ट्रम्प बोले-ईरान को 28 लाख करोड़ देने की बात फर्जी

## यह झूठ विपक्ष ने फैलाया; नेतन्याहू पर कहा- मैं न होता, तो इजराइल नहीं होता

**ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को 28 लाख करोड़ रुपए देने की बात को फर्जी बताया है। उन्होंने मंगलवार को ट्रुथ सोशल पर लिखा कि यह विपक्षी पार्टी डेमोक्रेट्स की तरफ से फैलाई गई झूठी खबर है। दरअसल, न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि समझौता होने पर अमेरिका, ईरान को आर्थिक मदद के तौर पर करीब 28 लाख करोड़ रुपए का पैकेज देगा। वहीं, ट्रम्प ने फ्रांस में कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी से मुलाकात में भी बताया कि अमेरिका अभी ईरान में कोई पैसा नहीं लगा रहा है। उन्होंने कहा, हम ईरान में कोई पैसा निवेश नहीं कर रहे हैं, लेकिन हमें भविष्य में कभी भी वहां जाकर निवेश करने का अधिकार है। साथ ही, ट्रम्प ने इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को लेबनान मुद्दे पर ज्यादा जिम्मेदारी दिखाने की सलाह दी है। ट्रम्प ने कहा, ₹मैं न होता, तो इजराइल नहीं होता। किसी दूसरे अमेरिकी राष्ट्रपति ने इजराइल के लिए उतना नहीं किया, जितना मैंने किया है₹।

### ईरान-ओमान बोले- हॉर्मुज में सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करेंगे

ईरान और ओमान ने हॉर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की सुरक्षित और निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने का भरोसा दिया है। दोनों देशों ने कहा कि वे इस अहम समुद्री मार्ग को लेकर अंतरराष्ट्रीय कानूनों का पालन करेंगे।

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची और ओमान के विदेश मंत्री बद्र बिन हमद अल-बुसैदी ने फोन पर बातचीत में हॉर्मुज स्ट्रेट से जुड़े अंतरराष्ट्रीय नियमों का पालन करने की प्रतिबद्धता दोहराई। ट्रम्प ने कहा है कि अगर इजराइल हिजबुल्लाह के खिलाफ कार्रवाई में आम लोगों की मौत रोकने में सफल नहीं होता, तो यह काम सीरिया कर सकता है। उन्होंने सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल-शारा की तारीफ करते हुए कहा कि वह हिजबुल्लाह को पसंद नहीं करते और इस चुनौती से निपट सकते हैं।

### ईरान ने सभी मोर्चों पर जंग खत्म करने की मांग की

ईरान ने लेबनान समेत सभी मोर्चों पर युद्ध समाप्त करने की मांग की है। ईरान के संसद स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने कहा कि संघर्ष का अंत सिर्फ ईरान तक सीमित नहीं होना चाहिए और इजराइल को दक्षिणी लेबनान से अपनी सेना वापस बुलानी चाहिए।

### चीन बोला- अमेरिका-ईरान वार्ता का अगला चरण ज्यादा मुश्किल होगा

चीन ने कहा है कि अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत का अगला चरण पहले से ज्यादा कठिन होगा। चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने कहा कि मौजूदा सहमति अंतिम समाधान नहीं, बल्कि एक नई शुरूआत है और पश्चिम एशिया में स्थायी शांति के लिए सभी पक्षों को लगातार प्रयास करने होंगे।

### लेबनान में इजराइल ने नए हमले किए

इजराइल ने दक्षिणी लेबनान में अपने हमले तेज कर दिए हैं। लेबनान की सरकारी न्यूज एजेंसी के मुताबिक, इजराइली ड्रोन ने नबातियेह जिले के मायफादौन टाउन स्क्वायर को निशाना बनाते हुए लगातार तीन हमले किए। रिपोर्ट के अनुसार, इजराइली सेना ने हद्दाथा इलाके में एक साउंड बम भी गिराया, जिससे चार लोग मामूली रूप से घायल हो गए। इससे पहले भी नबातियेह के कई इलाकों में हवाई हमलों की खबरें आई थीं।

### 14 पॉइंट के MoU में क्या-क्या है



1. ईरान, लेबनान और बाकी सभी मोर्चों पर युद्ध तुरंत बंद होगा।
2. अमेरिका और इजराइल फिर कोई नया युद्ध शुरू नहीं करने की गारंटी देंगे।
3. अमेरिका इजराइल की ओर से भी सुरक्षा गारंटी देगा।
4. होर्मुज स्ट्रेट से अमेरिकी नाकेबंदी हटाई जाएगी।
5. ईरानी जहाजों और समुद्री व्यापार पर लगी पाबंदियां खत्म की जाएंगी।
6. 30 दिनों के अंदर समुद्री व्यापार को पहले की तरह बहाल किया जाएगा।
7. होर्मुज स्ट्रेट व्यापार के लिए दोबारा खोला जाएगा।
8. ईरान के 24 बिलियन डॉलर के फ्रीज्ड फंड अमेरिका जारी करेगा।
9. शुरुआती चरण में फ्रीज्ड फंड का आधा हिस्सा जारी होगा।
10. अमेरिका ईरान के तेल, बंदरगाहों और बाकी प्रतिबंधों को हटाने की शुरूआत करेगा।
11. बातचीत के दौरान अमेरिका ईरान पर कोई नया प्रतिबंध नहीं लगाएगा।
12. अमेरिका 30 दिनों के अंदर ईरान के आस-पास से सैन्य मौजूदगी कम करेगा।
13. ईरान परमाणु हथियार नहीं बनाएगा। 60% एनरिच्ड यूरेनियम के मुद्दे पर आगे बातचीत होगी।
14. 60 दिन तक आखिरी बातचीत होगी, जिसमें परमाणु कार्यक्रम, प्रतिबंधों में राहत और युद्ध के बाद पुनर्निर्माण जैसे मुद्दों पर समझौते की कोशिश होगी।

■ वर्ष-12 अंक-224 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल
मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बुधवासरः 17 जून, 2026

### सुभाषितानि

न विश्वसेत्कुमित्रे च मित्रे चापि न विश्वसेत्।
कदाचित्कुपितं मित्रं सर्वं गुह्यं प्रकाशयेत्॥

**भावार्थ** : कुमित्र पर विश्वास नहीं करना चाहिए और मित्र पर भी विश्वास नहीं करना चाहिए। कभी कुपित होने पर मित्र भी आपकी गुप्त बातें सबको बता सकता हैं।

परोक्षे कार्यहन्तारं प्रत्यक्षे प्रियवादिनम्।
वर्जयेत्तादृशं मित्रं विषकुम्भं पयोमुखम्॥

**भावार्थ** : पीठ पीछे काम बिगाड़नेवाले था सामने प्रिय बोलने वाले ऐसे मित्र को मुंह पर दूध रखे हुए विष के घड़े के समान त्याग देना चाहिए।

## भारतीयजनतापक्षस्य संगठनात्मकसंरचनायाः सुदृढीकरणाय द्वौ महत्त्वपूर्णौ नियुक्तौ कृतौ

ब्रह्मास्त्र ›› जबलपुर

मध्यप्रदेशस्य जबलपुरनगरे भारतीयजनतापक्षस्य संगठनात्मकसंरचनायाः सुदृढीकरणाय द्वौ महत्त्वपूर्णौ नियुक्तौ कृतौ। अस्य विषये नगराध्यक्षः रत्नेशसोनकरः प्रदेशाध्यक्षस्य हेमन्तखण्डेलवालस्य सहमत्या आधिकारिकघोषणाम् अकरोत्। अस्य संगठनात्मकपरिवर्तनस्य भागरूपेण अमितबचवानी 'सोनू' इत्यस्य जबलपुरनगर-एककस्य नूतन-महासचिवः नियुक्तः, सुधांशुगुप्ता इत्यस्मै सचिवस्य दायित्वं न्यस्तम् अस्ति। स्थानीयनेतृत्वेन, दलस्य वरिष्ठव्यक्तिभिः च अस्य निर्णयस्य स्वागतं कृतम् अस्ति। लोक निर्माण विभाग के मंत्री राकेश सिंह, संभाग प्रभारी एवं प्रदेश महासचिव राहुल कोठारी, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, सांसद आशीष दुबे, राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकी ने नई टीम को बधाई दी है।

## सम्पादकीयम्


### प्रभावकर्तृभ्यः

सर्वोच्चन्यायालयस्य चेतावनी सामाजिकमाध्यमप्रभावकैः निर्मितसामग्रीविषये सर्वोच्चन्यायालयेन सुनवायीकाले कृतानि अवलोकनानि गम्भीरं ध्यानं दातुं अर्हन्ति। समय रैना सहित पञ्चभिः सामाजिकमाध्यमप्रभावकैः कृताः टिप्पण्याः विकलाङ्गानाम् गौरवस्य अपमानजनकाः इति ज्ञातम्। हास्यस्य सीमाः: अन्तर्जालसंवेदनानां अस्मिन् युगे, यत्र सामग्रीं वायरल् कर्तुं इच्छा सर्वेषु वर्तमानं दृश्यते, तत्र एषः प्रकरणः स्मारकरूपेण कार्यं करोति यत्–अन्यस्य अधिकारस्य इव–अभिव्यक्तिस्वतन्त्रता उत्तरदायित्वेन सह आगच्छति। सम्यक कठोरं वृत्तं स्वीकृत्य सर्वोच्चन्यायालयेन उक्तं यत् अन्येषां, विशेषतः भिन्नक्षमतायुक्तानां वा रोगिणां वा इत्यादीनां दुर्बलसमूहानां उपहासं कर्तुं कस्मैचित् स्वतन्त्रता न दातुं शक्यते प्रायश्चित्तरूपेण कृतं क्षतिपूर्तिं वास्तविकं हानिम् अतिक्रान्तं भवेत् इति न्यायालयस्य सिद्धान्तः अपि तार्किकरूपेण युक्तः अस्ति। मार्गदर्शिकानां आवश्यकता: अत्र कोऽपि संदेहः नास्ति यत् सर्वकारेण ऑनलाइन सामग्रीसम्बद्धेषु विषयेषु मार्गदर्शिकानां स्थापनायाः आवश्यकता वर्तते। अस्मिन् विषये महान्यायवादी न्यायालयं सूचितवान् यत् सर्वेषां हितधारकाणां परामर्शस्य प्रक्रिया पूर्वमेव आरब्धा अस्ति। परन्तु न्यायालयेन स्वीकृतं यत् एतादृशाः मार्गदर्शिकाः विशिष्ट प्रकरणस्य प्रतिक्रियारूपेण।

### पश्चिमबङ्गे कथितस्य नगरपालिकाभतीघोटाले नूतनं मोडं

# तृणमूलकाङ्ग्रेसस्य विधायकः पूर्वमन्त्री च मदनमित्रेण सप्तस्थानेषु छापामारी कृता

ब्रह्मास्त्र ›› कोलकाता



पश्चिमबङ्गे कथितस्य नगरपालिकाभतीघोटाले नूतनं मोडं प्राप्तवती यतः प्रवर्तननिदेशालयेन तृणमूलकाङ्ग्रेसस्य वरिष्ठनेता विधायकः पूर्वमन्त्री च मदनमित्रेण सह सम्बद्धेषु सप्तस्थानेषु एकत्रितरूपेण छापामारी कृता। प्रातः ६ वादनस्य समीपे आरब्धम् एतत् अभियानं राज्यस्य राजनैतिकं परिदृश्यं उत्तेजितवान् अस्ति। ईडी दावान् करोति यत् अन्वेषणेन नगरपालिकानियुक्तिषु बृहत्प्रमाणेन अनियमितानां, घूसस्य च कथिताः लक्षणाः प्रकाशिताः, यत्र मदनमित्रं तस्य निकटजालं च अस्मिन् विषये सम्बद्धाः इति सम्बद्धाः दृश्यन्ते।

सूत्रानुसारं कोलकाता-नगरस्य परिसरे च सप्त-विभिन्न-परिसरयोः युगपत् अन्वेषण-कार्यक्रमाः ईडी-दलानि कृतवन्तः। एतेषु दक्षिणकोलकातादेशस्य भोवानीपुरे मदनमित्रस्य निवासस्थानम् अन्तर्भवति स्म। तदतिरिक्तं बेलियाघाटा, दक्षिणेश्वर, संतोषपुर, इत्यादिषु क्षेत्रेषु स्थिताः परिसराः अन्वेषणस्य व्याप्तेः अन्तर्गताः आनिताः। अन्वेषणकाले केन्द्रीयसंस्थायाः अधिकारिणः विविधदस्तावेजानां, डिजिटल-अभिलेखानां, वित्तीयव्यवहारसम्बद्धानां प्रमाणानां च परीक्षणं कृतवन्तः।

ईडी-अधिकारिणः अवदन् यत् एषा कार्यवाही नगरपालिकायाः भतीघोटालेन सह सम्बद्धस्य धनशोधनकोणस्य अन्वेषणस्य भागः अस्ति। एजेन्सी कथयति यत् एतावता अन्वेषणेन सूचितं यत् विभिन्ननगरपालिकासंस्थासु कथितानां अयोग्यानाम् अभ्यर्थीनां नियुक्तेः विनिमयरूपेण घूसः-नगद-सुवर्णरूपेण-स्वीकृतः। अन्वेषणसंस्था दावान् करोति यत् एतेषु नियुक्तिषु मध्यस्थानां महत्त्वपूर्णा भूमिका आसीत् तथा च कथितं घूसधनं विभिन्नमार्गेण प्रभावशालिनः व्यक्तिभ्यः प्रेषितम् इति।

नगरपालिकाभतीघोटाले २०२३ तमे वर्षे प्रकाशिता, यदा केन्द्रीयजागृतिब्यूरो (सीबीआइ) राज्यस्य उच्चस्तरीयशिक्षकभतीघोटाले अन्वेषणं कुर्वन् नगरपालिकासंस्थासु नियुक्तिसम्बद्धानि अनियमितानां संकेतान् प्राप्नोत् तदनन्तरं कलकत्ता उच्चन्यायालये अस्य विषयस्य सूचना प्राप्ता। परिस्थितेः गम्भीरताम् अङ्गीकृत्य न्यायालयेन २०२३ तमस्य वर्षस्य एप्रिलमासे सीबीआई-संस्थायाः विस्तृत-अनुसन्धानं कर्तुं आदेशः दत्तः। सीबीआइ-द्वारा पञ्जीकृतस्य एफआईआर-आधारेण ईडी-संस्थायाः समानान्तर-धनशोधन-अनुसन्धानम् अपि आरब्धम्।

२०२४ तमस्य वर्षस्य जुलैमासे सीबीआई-संस्थायाः कलकत्ता-उच्चन्यायालये स्वस्य प्रतिवेदने सूचितं यत् २०१४ तः राज्यस्य १७ नगरपालिकासंस्थासु १८०० तः अधिकेषु नियुक्तिषु गम्भीराः अनियमिताः ज्ञाताः सन्ति संचालकाः, चालकाः च। पश्चिमबङ्गदेशे १२१ नगरपालिकासंस्थाः सन्ति, अन्वेषणसंस्थानां मतं यत् अस्य विषयस्य व्याप्तिः केवलं कतिपयेभ्यः नगरपालिकेभ्यः अपि परं विस्तृतं भवितुम् अर्हति।

सीबीआई-रिपोर्ट्-पत्रे दक्षिण-दम-दम-कमरहटी, बारानगर-तीतागढ-कृष्णनगर, रानाघाट-नगरपालिकासु सर्वाधिकं संदिग्धनियुक्तिषु प्रकाशितम्। विशेषतः कमरहाटीनगरपालिका एकलीकृता; एषः क्षेत्रः मदनमित्रेण विधानसभायां प्रतिनिधित्वं कृतम्, यतः सः द्विवारं विधायकत्वेन निर्वाचितः अस्ति।

### शाहडोल् भूमिगतकोयलाखाने

# बृहत् दुर्घटना, ३ श्रमिकाः दुःखदरूपेण मृताः, १२ घातिताः

ब्रह्मास्त्र ›› शहडोल

मध्यप्रदेशस्य शहडोलमण्डले एसईसीएल सोहागपुरक्षेत्रस्य अन्तर्गतं बङ्गवारभूमिगतकोयलाखाने अपराह्णे ३ वादनस्य समीपे एकः बृहत् दुर्घटना अभवत्। द्वे जनाः स्थले एव मृताः, एकः च चिकित्सालयं प्रति परिवहनं कुर्वन् मृतः; अन्ये प्रायः एकदर्जनं जनाः घातिताः इति समाचाराः सूचयन्ति। एषः अपघातस्य आकङ्क्षा अधिकं वर्धयितुं शक्नोति।

समाचारानुसारं खानि-धनपुरी-पुलिस-स्थानस्य सीमायाः अन्तः स्थिता-खाने स्थगित-भित्तिः निर्मितस्य समये एव एषा दुर्घटना अभवत् यदा छतस्य दुर्बलः खण्डः अचानकं पतितः स्थले उपस्थिताः अनुबन्धकर्मचारिणः मृत्तिकायाः, शिलायाः च मलिनतायाः अधः फसन्ति स्म।

खानस्य अन्तः श्रमिकाः प्रबन्धनं सचेष्टितवन्तः। तदनन्तरं खानिप्रबन्धनम्, सुरक्षाधिकारिणः, उद्धारदलानि च राहत-उद्धार-कार्यक्रमं आरब्धवन्तः। उद्धारदलेन जेएमएम-कम्पनीतः केचन अनुबन्धकर्मचारिणः सावधानीपूर्वकं निष्कासिताः ये अन्तः फसन्ति स्म इति कथ्यते। यदा प्रथमचिकित्सा स्थले एव प्रदत्ता, तदा गम्भीराः चोटिताः जनाः जिलाचिकित्सालये निर्दिष्टाः। उद्धारकार्यं निरन्तरं भवति स्म। दुर्घटनायाः अनन्तरं खानिपरिसरस्य कतिपयानि घण्टानि यावत् अराजकता प्रचलति स्म। अस्याः घटनायाः कारणात् खनित्रालये सुरक्षामानकानां, भूमिगतकार्यक्रमस्य प्रबन्धनस्य च विषये गम्भीराः प्रश्नाः उत्पन्नाः सन्ति। वायुप्रवाहव्यवस्थायाः, कार्यस्थलस्य संरचनात्मकस्य अखण्डतायाः च मूल्याङ्कनं आरब्धम् अस्ति। प्रारम्भिकनिष्कर्षेण ज्ञायते यत् छतस्य दुर्बलखण्डस्य पतनम् एव दुर्घटनायाः कारणम् आसीत्।

## राशिफल

**मेष** : व्यापार अच्छा चलेगा। पीली वस्तु पास रखें। शाम तक मन हल्का महसूस होगा। पैसों की स्थिति पहले से बेहतर रहेगी।

**वृषभ** : धन की स्थिति अच्छी रहेगी। आय के नए-नए स्रोत बनेंगे। समृद्धि अच्छा पैसा लाती है और स्वास्थ्य भी आपके पक्ष में है।

**मिथुन** : बड़े सपने देखें। आज लोग आपके व्यक्तित्व से प्रभावित होंगे और आपसे सलाह भी मांग सकते हैं।

**कर्क** : व्यापार में लाभ के संकेत हैं। कुल मिलाकर दिन शुभ रहेगा। पीली वस्तु अपने पास रखें।

**सिंह** : व्यापार ठीक रहेगा, लेकिन सावधानी जरूरी है। पीली वस्तु का दान करें।वो करें जो आपके मन को सुकून देता है।

**कन्या** : मानसिक शांति पर ध्यान दें। भाग्य का साथ मिलेगा धन लाभ होने से शांति और प्रसन्नता महसूस करेंगे।

**तुला** : शरीर को पर्याप्त आराम देने मानसिक स्वास्थ्य अच्छा होगा। घर में माहौल अच्छा रहेगा।

**वृश्चिक** : छोटी-छोटी बातें मन को खुश करती हैं। प्रेम और संतान से सुख मिलेगा। व्यापार में लाभ होगा। हरी वस्तु पास रखें।

**धनु** : धन की स्थिति में उतार-चढ़ाव आ सकते हैं, इसलिए लेन-देन पर नजर रखें। लव लाइफ में नयापन महसूस कर सकते हैं।

**मकर** : भाग्य का साथ मिलेगा। अनजान व्यक्ति के साथ रुपए-पैसों के लेन-देन से बचें, वरना नुकसान हो सकता है।

**कुंभ** : निवेश के लिए दिन शुभ रहने वाला है। जीवनसाथी की भावनाओं को नजर अंदाज करने से बचें, वरना अनबन हो सकती है।

**मीन** : बजरंगबली को प्रणाम करें। ईमानदार लेकिन सभ्य रहें। आज थोड़ा संभलकर रहना बेहतर है।

## ज्योतिष/वास्तु

# 22 जून तक इन राशि वालों की चमकेगी किस्मत, करियर-निवेश और परीक्षा में मिलेंगे शानदार परिणाम

ज्योतिषियों के अनुसार 22 जून तक बुधादित्य और भद्र राजयोग का शुभ साया कुछ राशियों पर बना रहेगा। इसके प्रभाव से धन लाभ और मान-सम्मान में वृद्धि संभव है।

ज्योतिष गणना के मुताबिक, वर्तमान समय में ग्रहों की विशेष स्थिति बनी हुई है, जिससे कुछ राशियों को लाभ संभव है। दरअसल, इस समय सूर्य देव और बुध देव मिथुन राशि में विराजमान हैं, जिससे बुधादित्य राजयोग का निर्माण हो रहा है। चूंकि बुध अपनी स्वराशि मिथुन में स्थित हैं, इसलिए उनका प्रभाव और भी कई गुना बढ़ा हुआ है और इसी वजह से शक्तिशाली भद्र राजयोग भी बन रहा है।



ज्योतिष गणना के अनुसार, 22 जून को दोपहर 3 बजकर 9 मिनट पर बुध ग्रह मिथुन से कर्क में प्रवेश करेंगे, जिसके बाद इन शुभ योगों का प्रभाव समाप्त हो जाएगा। ऐसे में 22 जून 2026 तक कुछ राशियों पर इन राजयोगों की विशेष कृपा बनी रह सकती है। आइए जानते हैं किन राशियों को मिल सकता है बड़ा लाभ।

**मिथुन राशि-** मिथुन राशि वालों को धन लाभ हो सकता है कार्यक्षेत्र से जुड़ी परेशानियां समाप्त हो सकती है। आपको मनचाही यात्रा करने का अवसर इस समय प्राप्त हो सकता है। ज्योतिषियों की मानें, तो यह शुभ योग आपकी ही राशि में बन रहा है, इसलिए इसका सबसे सकारात्मक असर आपको मिल सकता है। करियर में नई उपलब्धियां हासिल हो सकती हैं। मिथुन राशि वालों को इस समय सबसे ज्यादा बिजनेस में आगे बढ़ने के सुनहरे अवसर मिलेंगे। विद्यार्थियों को परीक्षा और प्रतियोगी क्षेत्रों में अच्छे परिणाम मिलने की संभावना है।

**सिंह राशि-** सिंह राशि वालों के लिए समय अपनी किस्मत को चमकाने के समान माना जाएगा। दरअसल, सूर्य का प्रभाव आपके सम्मान में वृद्धि करेगा और सिंह राशि वालों के लिए नए अवसर सामने आएंगे। खास बात यह है कि, धन लाभ के नए रास्ते खुल सकते हैं। करियर में तरक्की के संकेत हैं। प्रभावशाली लोगों से मुलाकात होने के योग हैं। आपकी मनचाहे व्यक्ति से मुलाकात के भी योग बनेंगे। निवेश से अच्छा रिटर्न देखने को आपको मिलेगा।

**धनु राशि-** धनु राशि वालों को इस अवधि में मनचाहे परिणाम मिल सकते हैं। नौकरी के लिए प्रयास कर रहे थे, तो अब परिणाम पक्ष में मिलने की अधिक संभावनाएं हैं। आत्मविश्वास में जबरदस्त बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। इसके अलावा नौकरीपेशा लोगों को नई जिम्मेदारियां या नौकरी को लेकर कोई अच्छी खबर मिल सकती है। निवेश से लाभ संभव है। इस समय धनु राशि के लोग दोस्तों के साथ अचानक घूमने-फिरने का प्लान बना सकते हैं।

### विमेंस टी-20 वर्ल्ड कपः श्रीलंका की न्यूजीलैंड पर बड़ी जीत, इंग्लैंड की लगातार दूसरी जीत, आयरलैंड को हराया

# टूर्नामेंट में पहली बार कीवियों को हराया

ब्रह्मास्त्र ›› साउथम्पटन

विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में मंगलवार को खेले गए मैच में श्रीलंका ने न्यूजीलैंड को रोमांचक मुकाबले में 5 विकेट से हरा दिया। यह पहली बार है जब विमेंस वर्ल्ड कप में श्रीलंका ने न्यूजीलैंड को हराया है। वहीं, इसी ग्राउंड पर खेले गए दूसरे मैच में इंग्लैंड ने आयरलैंड को 4 विकेट से हराकर इस वर्ल्ड कप में अपनी दूसरी जीत दर्ज की।

साउथम्पटन में पहले बैटिंग करते हुए न्यूजीलैंड ने 20 ओवर में 150/6 का स्कोर बनाया। इसके जवाब में श्रीलंका ने 19.4 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया।

रनचेज में श्रीलंका ने 55 रन पर 4 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद निलाक्षिका सिल्वा (54*) और कौशनी नुथ्यंगना (24*) ने टीम को 19.4 ओवर में जीत दिला दी। निलाक्षिका को उनकी मैच विनिंग पारी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरूआत खराब रही। ओपनर इजी गेज सिर्फ 4 रन बनाकर मिथाली अयोध्या की गेंद पर कैच आउट हुईं। इसके बाद जॉर्जिया प्लिमर और अमेलिया कर ने दूसरे विकेट के लिए 46 गेंद पर 49 रन जोड़े। प्लिमर के आउट होने के बाद सोफी डिवाइन ने आक्रामक बल्लेबाजी की। उन्होंने कर के साथ 26 गेंद में 43 रन जोड़कर पारी को गति दी। हालांकि कविशा दिलहारी ने लगातार 2 विकेट लेकर न्यूजीलैंड को बैकफुट पर ढकेल दिया।



### श्रीलंका ने 10 रन के अंदर 4 विकेट गंवाए

रनचेज में श्रीलंका को चमारी अटापट्टू (27 रन) ने अच्छी शुरूआत दिलाई। टीम ने 5.4 ओवर में बिना विकेट गंवाए 45 रन बना लिए थे। न्यूजीलैंड की पेसर ब्री इलिंग ने अट्टापटू को आउट कर टीम को पहला झटका दिया। इसके बाद स्पिनर नेंसी पटेल ने 2 विकेट लेकर श्रीलंका का स्कोर 45/0 से 55/4 कर दिया। हसिनी परेरा 2 रन बनाकर रनआउट हुईं। नंबर-6 पर बल्लेबाजी करने उतरी निलाक्षिका सिल्वा ने कविशा दिलहारी के साथ मिलकर 5वें विकेट लिए 50 रन जोड़े। 15वें ओवर की आखिरी गेंद पर दिलहारी रनआउट हुईं। इसके बाद कौशनी बल्लेबाजी के लिए उतरीं। निलाक्षिका और कौशनी ने छठवें विकेट के लिए नाबाद 48 रन जोड़े और टीम को 2 गेंद शेष रहते जीत दिला दी।


**टी-20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड की लगातार दूसरी जीत-** विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड का विजयी अभियान जारी है। मंगलवार को बारिश से बाधित मैच में इंग्लैंड ने आयरलैंड को 4 विकेट से हरा दिया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 118 रन बनाए थे। जवाब में इंग्लैंड ने 17.3 ओवर में 6 विकेट खोकर 119 रन बनाते हुए लक्ष्य हासिल कर लिया।

डिवाइन और मैडी ग्रीन ने 3 ओवर में 30 रन बटोरे। डिवाइन के आउट होने के बाद आखिरी दो ओवर में सिर्फ 11 रन ही बने और न्यूजीलैंड 150/6 के स्कोर तक ही पहुंच सकी।

न्यूजीलैंड के लिए कर और डिवाइन ने 45-45 रन बनाए। वहीं श्रीलंका की ओर से स्पिनर दिलहारी ने सबसे ज्यादा 2 विकेट लिए। इंग्लैंड की ओर से स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 22 रन देकर 3 विकेट चटकाए, वहीं चार्ली डीन ने महज 11 रन देकर 2 विकेट लिए। बल्लेबाजी में अनुभवी नैट साइवर ब्रंट ने 48 रनों की कप्तानी पारी खेली, जबकि हीथर नाइट ने 26 रनों का योगदान दिया।

आयरलैंड ने खेलीं 60 डॉट बॉल्स टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम को ओवरकास्ट कंडीशंस (बादल छाए रहने) का पूरा फायदा मिला। इंग्लैंड के गेंदबाजों ने शुरूआत से ही आयरलैंड पर दबाव बना दिया। शुरूआती 5 ओवरों के भीतर ही आयरलैंड की दोनों ओपनर्स, एमी हंटर और अलाना डेलजेल पवेलियन लौट गईं।

# स्पेनिश फुटबॉलर राफा को 8.5 साल की जेल




ब्रह्मास्त्र ›› स्पेन

स्पेन के फुटबॉलर राफा मिर को दो महिलाओं के यौन उत्पीड़न के मामले में 8 साल 6 महीने की जेल की सजा सुनाई गई है। स्पेन के वेलेंसिया की एक अदालत ने सोमवार को यह फैसला सुनाया। अदालत ने पाया कि मिर और एक अन्य फुटबॉलर ने 2024 में वेलेंसिया शहर स्थित मिर के घर में दो महिलाओं का यौन उत्पीड़न किया था। उस समय मिर स्पेनिश क्लब वेलेंसिया के लिए खेल रहे थे। 28 साल के मिर को यौन उत्पीड़न के लिए 7 साल और पीड़िताओं को शारीरिक नुकसान पहुंचाने के लिए अतिरिक्त 18 महीने की सजा दी गई। मिर पिछले सीजन में ला लीगा क्लब एल्चे के लिए सेविला से लोन पर खेले थे। उनका एल्चे के साथ अनुबंध इस महीने के अंत में समाप्त होने वाला है।

### भारत-अफगानिस्तान दूसरा वनडे आज

# जीत के साथ सीरीज पर कब्जा करने उतरेगी टीम इंडिया



ब्रह्मास्त्र ›› लखनऊ

भारत और अफगानिस्तान के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला आज लखनऊ में खेला जाएगा। यह मैच दोपहर 1:30 बजे से इकाना इंटरनेशनल स्टेडियम में शुरू होगा।

टीम इंडिया पहला मैच जीतकर 3 मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे है और इस मैच को जीतकर सीरीज अपने नाम करना चाहेगी।

**श्रेयस पूरे कर सकते हैं 3 हजार रन**

इस मैच में श्रेयस अय्यर अपने 3000 वनडे रन पूरे करने से 11 रन दूर हैं। वहीं रहमानुल्लाह गुरबाज को 2000 रन पूरे करने के लिए 10 रन और ईशान किशन को 1000 वनडे रन पूरे करने के लिए 33 रनों की जरूरत है। भारत और अफगानिस्तान के बीच अब तक 5 वनडे मैच खेले गए हैं। भारत ने 4 मुकाबले जीते हैं, जबकि 1 मैच टाई रहा है। अफगानिस्तान अभी तक भारत के खिलाफ वनडे में जीत दर्ज नहीं कर सका है।

दोनों टीमों के बीच पहला वनडे धर्मशाला में खेला गया था। इसमें भारत को 7 विकेट से जीत मिली थी।

## खबर एक नजर...

### दरवाजा बंद कर ड्रायवर ने रस्सी से लगाई फांसी

**उज्जैन।** पंवासा थाना क्षेत्र के मणिनगर में रहने वाला रूपसिंह पिता बद्रीलाल जाधव 42 साल ड्रायवरी करता था। मंगलवार दोपहर पत्नी बच्चा बाजार गये थे। शाम 4 बजे लौटे तो घर का दरवाजा बंद था। खटखटाने पर नहीं खुला तो आसपास के लोगों की मदद से तोड़ा गया। अंदर कमरे में रूपसिंह रस्सी के फंदे पर लटका था। प्रधान आरक्षक अनिल पाल ने बताया कि मृतक को परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे थे। चरक ड्युटी कम्पाउंडर से सूचना मिलने पर मर्ग कायम किया और शाम को पोस्टमार्टम कराया गया। फिलहाल आत्महत्या की वजह सामने नहीं आई है। अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी होने के बाद पत्नी बच्चे के बयान दर्ज किये जायेगें।

### कॉल आने पर भाई खेत पहुंचा तो बेसुध पड़ा था अजय

**उज्जैन।** माकडोन में रहने वाला अजय पिता कृपालसिंह सिसौदिया 25 साल सोमवार शाम को खेत गया था। कुछ देर बाद उसने छोटे भाई विशाल को कॉल किया और बुलाया। विशाल खेत पहुंचा तो अजय बेसुध हालत में पड़ा मिला। पूछताछ करने पर उसने सल्फास की खोली खाना बताया। भाई उसे उपचार के लिये उज्जैन चरक अस्पताल लेकर पहुंचा, लेकिन रात में मौत हो गई। मंगलवार सुबह अस्पताल पुलिस चौकी ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। विशाल ने बताया कि घर में कोई परेशानी नहीं थी। अजय की शादी को सात साल हो गये थे। संतान नहीं हुई थी। उसने ऐसा कदम क्यों उठाया कुछ पता नहीं है। चौकी पुलिस के अनुसार मामला माकडोन का होने पर मर्ग डायरी जांच के लिये भेजी जायेगी।

### खेत से ट्रैक्टर निकालने पर विवाद में पांच घायल

**उज्जैन।** पंवासा थाना क्षेत्र के ग्राम पिपल्या बिछा में रहने वाले अरूण पिता देवीसिंह राठौर और सागरमल पिता बापूलाल राठौर के खेत ग्राम जम्बुरा में पास-पास है। मंगलवार सुबह अरूण राठौर खेत से ट्रेक्टर लेकर निकल रहा था। उसी दौरान सागरमल के सेड़े पर ट्रेक्टर का पहिया चढ़ गया। जिसको लेकर दोनों के परिवार में विवाद हो गया। कहासुनी इतनी बढ़ गई कि चाकू-डंडे चल पड़े। घटनाक्रम में अरूण और उसका भाई सचिन घायल हो गये। दूसरी ओर सागरमल राठौर और उसके दो पुत्र नरेन्द्र राठौर और शुभम राठौर घायल हो गये। पंवासा थाना पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

### मृतक की नहीं हुई पहचान, दफनाया गया शव

**उज्जैन।** जीवाजीगंज थाना पिपलीनाक क्षेत्र में बदबू फैलाने पर लोगों की सूचना पर पुलिस पहुंची, इस दौरान सड़क किनारे पड़े सीमेंट के पाइप से एक व्यक्ति की लाश पड़ी होना सामने आया। पुलिस ने आसपास लोगों से उसकी पहचान के प्रयास किये। लेकिन किसी ने शिनाख्त नहीं की, सिर्फ इतना सामने आया कि क्षेत्र में घूमता रहता था और जहां भी मजदूरी मिलती थी कर लेता था। जीवाजीगंज थाना प्रभारी प्रतीक शर्मा ने बताया कि संभवतः युवक पाइप में सोया था उसी दौरान उसकी मौत हुई है। फिलहाल मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के बाद शव को दफनाया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर उसकी मौत का खुलासा हो पायेगा। उसकी पहचान के लिये जिले की थाना पुलिस से गुमशुदा लोगों की जानकारी मांगी गई है।

### एकतरफा प्यार में नाबालिग के परिवार पर किया हमला

**उज्जैन।** शाजापुर का परिवार सालभर से पंवासा में रहकर मजदूरी कर रहा है। मंगलवार सुबह घासमंडी सराय मजदूरी की तलाश में पहुंचा था, उसी दौरान पंवासा के रहने वाले संदीप नामक युवक ने अपने 2 साथियों के साथ परिवार पर हमला कर दिया। घटनाक्रम में मजदूर परिवार का ईश्वर पिता मोतीलाल सिर में गंभीर चोंट लगने पर घायल हो गया। बीच-बचाव में पत्नी भूरीबाई आई तो संदीप ने दांतों से हाथ पर काट लिया और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। मामले की खबर मिलने पर माधवनगर थाना पुलिस सराय पहुंची और घायल दंपति को अस्पताल पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद थाने लाया गया। जहां भूरीबाई ने बताया कि संदीप उनकी 14 साल की बेटी के पीछे पड़ा है। बेटी उसे बात करने से मना कर चुकी है, बावजूद आये दिन परेशान करता है। उसका कहना है कि प्यार करता है। सोमवार रात उसे समझाया था और पुलिस शिकायत करने की बात कहीं थी, लेकिन वह माफी मांगकर चला गया था। सुबह सराय में आकर हमला किया है। एएसआई मनोहर विश्वकर्मा ने बताया कि मामले में घायल ईश्वर की शिकायत पर मामला दर्ज कर संदीप को हिरासत में लिया गया है। उसके 2 साथियों की तलाश जारी है।

### 20 को होगा विशाल निरंकारी सत्संग 'आत्म मंथन'

**उज्जैन।** शहर की महाकाल सिंधी कॉलोनी में आगामी शनिवार, 20 जून को 'आत्म मंथन' के तहत एक विशाल निरंकारी सत्संग का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह विशेष आध्यात्मिक कार्यक्रम हरियाणा के बल्लभगढ़ से पधार रहे महात्मा महेशजी के सानिध्य में संपन्न होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। मीडिया सहायक विनोद गज्जर ने जानकारी देते हुए बताया कि यह विशाल सत्संग सतगुरु माता सुदीक्षा जी और निरंकारी राजपिता के असीम आशीर्वाद और मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 345-2 | 689-3 |
| मेन बाजार | 125-8 | 257-4 |
| मिलन डे | 370-0 | 145-0 |
| मिलन नाइट | 360-9 | 250-7 |

2 8 9

---

दावत पर बुलाकर हत्या और फिर लाश को बोरे में बंद मिली लाश का 19 दिन बाद खुलासा

# फिल्म दृश्यम की तर्ज पर रची गई थी साजिश

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

दावत पर बुलाकर हत्या और फिर लाश को ठिकाने लगाने के बाद 19 दिनों तक पुलिस को गुमराह करने का मामला मंगलवार को उजागर हो गया। भतीजे ने पत्नी और नाबालिग भाई के साथ मिलकर काका को मौत के घाट उतारा था। पूरी साजिश दृश्यम फिल्म की तर्ज पर रची गई थी।

बड़नगर तहसील के ग्राम पीरझलार में रहने वाला सुल्तान पिता अजगर पटेल 35 साल 28 मई की रात लापता हो गया था। इंदौर गई पत्नी का मोबाइल पर संपर्क नहीं होने पर दूसरे दिन उसने बड़नगर लौटकर पति के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस सुल्तान की तलाश में निकली तो सामने आया कि रात में भाई दिलपुकार से झगड़ा हुआ था, लेकिन दिलपुकार ने विवाद से इंकार कर दिया। पुलिस को भी कोई पुख्ता जानकारी नहीं मिली। 10 दिन बाद 6 जून को हातोद थाना पुलिस को यशवंत सागर तालाब के झाडियों से बोरे में बंद लाश मिली। गुम इंसान की तलाश कर रही बड़नगर पुलिस को खबर मिली तो शिनाख्त के लिये पहुंची। लाश पूरी तरह से सड़ चुकी थी। सुल्तान की पत्नी को पहचान के लिये बुलाया गया। उसने दांत देखकर सुल्तान के रूप में पहचान कर ली। लेकिन हत्या में शामिल आरोपियों का पता नहीं चल पाया। पुलिस ने परिवार के सभी सदस्यों से पूछताछ शुरू की। लापता होने के 19 दिन बाद मंगलवार को घटनाक्रम का सच सामने आ गया। पुलिस ने हत्या में शामिल मृतक के भतीजे नौशाद पिता सादिक पटेल, उसकी पत्नी मेमसान और नाबालिग भाई को गिरफ्तार कर लिया। तीनों ने हत्या करना कबूल किया है। थाना प्रभारी कमलेश सिंघार ने बताया कि हत्या की साजिश दृश्यम फिल्म की तर्ज पर रची गई थी। नाबालिग आरोपित को बल संप्रेक्षणगृह, मेमसना को केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ भेजा गया है। नौशाद को पूछताछ के लिये 2 दिनों की रिमांड पर लिया गया है।



### लाश छुपाने के बाद गुमराह करने का खेल

थाना प्रभारी सिंघार ने बताया कि सुल्तान के लापता होने के बाद नौशाद के नाबालिग भाई ने गुमराह करने की साजिश रची और बताया कि सुल्तान और उसके भाई दिलपुकार के बीच झगड़ा हुआ था। उसकी गोली मारकर हत्या करने के बाद खेत में लाश फेंक दी गई है। पुलिस लाश की तलाश में निकली लेकिन शव कहीं नहीं मिला। दिलपुकार से भी पूछताछ में कुछ सामने नहीं आया। नाबालिग लगातार अलग-अलग कहानी बनाता रहा, उस पर पुलिस को शंका थी लेकिन कुछ सुराग हाथ नहीं लग पा रहा था। पुलिस परिवार पर नजर रख गतिविधियों का पता लगाकर सभी से तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पूछता कर रही थी। सुराग मिलते ही मामले का खुलासा कर दिया गया।

### काका के चरित्र पर नौशाद को थी शंका

आरोपियों के हिरासत में आने पर सामने आया कि नौशाद को शंका थी कि उसकी पत्नी पर काका सुल्तान बुरी नजर रखता है। सुल्तान की पत्नी भी मायके जा चुकी थी। नौशाद ने साजिश रची और ईद वाले दिन काका को दावत पर बुलाया। जहां उसने मोगरी से हमला कर हत्या कर दी और रात 12 बजे बोरे में लाश बंद कर अपनी स्वीफ्ट कार से नाबालिग और पत्नी के सामने ठिकाने लगाने के लिये निकल गया। सुबह वापस लौट आया और रिश्तेदारों में अफवाह फैला दी कि सुल्तान और दिलपुकार में झगड़ा हुआ था। थाना प्रभारी सिंघार के अनुसार मामले का खुलासा करने में बड़नगर थाना पुलिस की पूरी टीम का सहयोग रहा।

## अस्पताल में बच्चा बदलने का मामला निकला झूठा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

निजी अस्पताल में भर्ती एक दिन के शिशु को बदलने का मामला मंगलवार दोपहर सामने आने के बाद हडकंप मच गया। पुलिस ने जांच शुरू की और दस्तावेजों को खंगाला तो मामला झूठा होना सामने आया। लेकिन शिशु का परिवार देर शाम तक बच्चा बदलने की बात पर अड़ा हुआ था।

माधवनगर थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि लोट्स अस्पताल में उपचार के लिये सोमवार शाम एक दिन के शुरू को लाया गया था। मंगलवार को डिस्चार्ज के दौरान शिशु के परिजनों ने हंगामा खड़ा कर दिया। उनका आरोप था कि लड़का हुआ था और लड़की सौंपी जा रही है। मामले की खबर मिलते ही पुलिस टीम लोट्स अस्पताल पहुंची। जहां सामने आया कि ग्राम लिम्बोदा की रहने वाली पायल को परिवार ने डिलेवरी के लिये तिवारी नर्सिंग होम निजातपुरा में भर्ती किया गया था। जहां सोमवार शाम डिलेवरी के बाद शिशु की तबीयत खराब होने पर लोटस अस्पताल रैफर किया गया था। पायल के परिजनों का कहना था कि डिलेवरी के बाद बालक होना सामने आया था। अब उपचार के बाद बालिका दी जा रही है। पुलिस ने लोटस अस्पताल प्रबंधन से चर्चा की तो उनका कहना था कि उपचार के बालिका लाई गई थी। उनके यहां दस्तावेजों में बालिका दर्ज है। जांच टीम तिवारी नर्सिंग होम पहुंची वहां पायल की डिलेवरी संबंधित दस्तावेजों के साथ शिशु के फुट मार्क देखे गये। उसमें भी बालिका होने की पुष्टि हुई। शाम को परिवार को समझाया गया और मामला शांत किया गया लेकिन परिवार बालक होने की बात पर अड़ा रहा। जब परिजनों से जानकारी जुटाई गई कि सामने आया कि पायल की सास ने सभी को बालक होना बताया था। जबकि बालिका हुई थी, उसकी तबीयत खराब होने पर सीधे उसे लोटस अस्पताल लाया गया था। थाना प्रभारी के अनुसार तिवारी नर्सिंग होम में सोमवार को एक ही डिलेवरी हुई थी, सभी दस्तावेजों में बालिका दर्ज है। बच्चा बदलने का मामला गलत है।



पति की प्रताड़ना से परेशान हत्या करने वाली पत्नी हिरासत में

## अंतिम संस्कार से पहले कबूला सिर पर मारा था हथौड़ा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

बंद मकान का दरवाजा नहीं खुलने पर मंगलवार सुबह सामने आये हत्या के मामले में मृतक का अंतिम संस्कार होने से पहले पत्नी ने सिर पर हथौड़ा मारकर हत्या करना कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपिया पत्नी को हिरासत में लिया और शाम को मामले का खुलासा कर दिया।

ग्राम बेडावन में नागराज मंदिर के पीछे रहने वाले अशोक लौहार ने सुबह पुत्र के मकान का दरवाजा नहीं खुलने पर खटखटाया तो नहीं खुला। मकान में पुत्र विक्रम लौहार, बहू माधुरी उर्फ राधिका और 11 पोता रात में सोये थे। अशोक लौहार ने दरवाजा नहीं खुलने पर अंदर झांका तो खून दिखाई दिया। उसने डायल 112 पर सूचना दी। उन्हेल सीएसपी विक्रम अहिरवार, थान प्रभारी संतोष चौहान, एसआई मांगीलाल मालवीय टीम के साथ पहुंच गये। दरवाजा खोलने पर विक्रम लौहार मृत अवस्था में पड़ा मिला। पत्नी और पुत्र सोये थे। प्रारंभिक जांच में मामला हत्या का सामने आते ही एफएसएल टीम और खोजी डॉग को बुलाया गया। घर में खून से सना हथौड़ा मिला। जांच में रात को घर में किसी के आने का सुराग नहीं मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा और पूछताछ के लिये पत्नी को हिरासत में लिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया और हत्या का मामला दर्ज कर महिला प्रधान आरक्षक शर्मिष्ठा शुक्ला ने राधिका उर्फ माधुरी से पूछताछ शुरू की। विक्रम का अंतिम संस्कार होता उससे पहले राधिका ने सिर पर हथौड़ा मारकर हत्या करना कबूल कर लिया। शाम को हत्या का खुलासा सीएसपी विक्रम अहिरवार और थाना प्रभारी संतोष चौहान द्वारा किया गया। उन्होने बताया कि मृतक की पत्नी से पूछताछ में पता चला कि पति मारपीट कर प्रताड़ित करता था। रात में विवाद होने पर सिर पर वार कर दिया था जिससे उसकी मौत हो गई। उसके बाद वह पुत्र के साथ घर में सो गई थी। सीएसपी के अनुसार मामले की विवेचना जारी है। बुधवार दोपहर आरोपिया को कोर्ट में पेश किया जायेगा।



### शादी को हो चुके थे 13 साल

बताया जा रहा है कि राधिका और विक्रम लौहार की शादी का 13 साल के लगभग हो चुके थे। उनकी एक ही पुत्र है। विक्रम लौहारी का काम करता था और शराब का नशा करने का आदी हो चुका था। पुत्र कक्षा छटवीं का छात्र है। रात में भी नशा कर लौटा था और विवाद करने लगा था। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त हथौड़ा भी जप्त कर लिया है।

गिरफ्त में आया आरोपी, कोर्ट ने भेजा जेल

## भाई का कत्ल करने के बाद था मुंडवाया सिर

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

हीरामिल की चाल में चाकू घोंप भाई का कत्ल करने वाला सिर मुंडवा कर घूम रहा था। 2 दिन बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। जिसे कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

हीरामिल की चाल में रहने वाले मनीष टेटवा की 13 जून की रात चाकू घोंप छोटे भाई सागर उर्फ नाना पिता मोहनलाल ने कत्ल कर दिया था। घटना के बाद देवासगेट थाना पुलिस ने जांच शुरू की थी। इस पता चला कि मनीष अपनी मां से मछली बनाने और शराब लाने के लिये झगड़ा कर रहा था। सागर ने समझाने का प्रयास किया तो नशे में दोनों के बीच विवाद हो गया था। सागर ने चाकू सीने में घोंप दिया था और भाग निकला था। थाना प्रभारी नरेन्द्रसिंह परिहार ने बताया कि भाई का कत्ल करने वाले की तलाश में एसआई राधेश्याम आंवलिया, एएसआई रामेश्वर धानक, प्रधान आरक्षक सुमित सोनाने, मनीषसिंह, आरक्षक विनोद को अलर्ट किया गया। 2 दिन बाद खबर मिली कि आरोपी अपने घर हीरामिल की चाल आया हुआ है। तत्काल टीम ने सोमवार रात दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी सागर ने सिर मुंडवा लिया था। उससे पूछताछ करने पर सामने आया कि भाई का कत्ल करने के बाद उसने सिर मुंडवाया था, वह लाश को कांधा देने भी गया था, लेकिन पुलिस के डर से वापस लौट आया था। 2 दिनों तक शहर में छुपकर रहा। एसआई राधेश्याम आंवलिया ने बताया कि उससे हत्या में प्रयुक्त चाकू की बरामदगी के प्रयास किये गये। हत्या के बाद चाकू उसने हीरामिल की चाल स्थित हिरदेश्वर महादेव मंदिर के पास झाडियों में छुपा दिया था। जिसे बरामद कर मंगलवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।



## सोमवती अमावस्या पर होमगार्ड जवानों की सतर्कता से टलीं तीन बड़ी घटनाएं

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

सोमवती अमावस्या पर्व के अवसर पर रामघाट एवं आसपास के घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा और बचाव व्यवस्था के लिए होमगार्ड एवं एसडीआरएफ के जवान लगातार दूसरे दिन भी तीनों शिफ्टों में मुस्तैदी से ड्यूटी कर रहे हैं।

जवानों की सतर्क निगरानी और प्रभावी व्यवस्थाओं के चलते स्नान शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ तथा किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई।गत दिवस रामघाट पर ड्यूटी के दौरान फरीदाबाद (हरियाणा) निवासी 28 वर्षीय श्रद्धालु निधि सिंह स्नान करते समय चौकी के सामने पैर फिसलने से गहरे पानी में चली गईं। मौके पर तैनात होमगार्ड जवान पंकज मंडलोई ने तत्परता और साहस का परिचय देते हुए तत्काल नदी में छलांग लगाई तथा उन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया। समय पर किए गए इस सराहनीय बचाव कार्य से एक संभावित दुर्घटना टल गई।इसी दौरान नागपुर से आए एक श्रद्धालु का बालक भीड़ में अपने परिजनों से बिछड़ गया। ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड जवानों ने सूझबूझ और तत्परता दिखाते हुए बालक को सुरक्षित खोज निकाला तथा उसे उसके परिजनों से मिलवाया। अपने बच्चे को सकुशल पाकर परिजनों ने जवानों का आभार व्यक्त किया।वहीं, भूखी माता घाट पर ग्राम ओसरा, तहसील देपालपुर, जिला इंदौर निवासी सुरेंद्र पिता राजेंद्र स्नान के दौरान गहरे पानी में चले गए, जिससे उनके डूबने की स्थिति बन गई।

घाट पर तैनात होमगार्ड जवान भगवानदास पंथी ने तत्काल सतर्कता दिखाते हुए उनकी ओर लाइफ बॉय फेंका। श्रद्धालु द्वारा लाइफ बॉय पकड़ लेने के बाद उन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। जवान की त्वरित कार्रवाई से एक बड़ी दुर्घटना टल गई और श्रद्धालु का जीवन सुरक्षित बचाया जा सका।सोमवती अमावस्या पर्व पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए होमगार्ड एवं एसडीआरएफ के जवान पूरी मुस्तैदी के साथ ड्यूटी कर रहे हैं तथा घाटों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। जवानों की सतर्कता, साहस और त्वरित निर्णय क्षमता के कारण पर्व के दौरान कई संभावित दुर्घटनाओं को टाला जा सका।



ग्राम पंचायत समुदायिक भवन के सामने से चोरी हुआ टैक्टर रिश्तेदारी में आये पिता-पुत्र ने दिया था वारदात को अंजाम

# चोरी करने के बाद बदल दिया था पानी के टैंकर का रंग

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

ग्राम पंचायत समुदायिक भवन के सामने से चोरी हुआ ट्रेक्टर-टैंकर एक माह बाद पुलिस ने बरामद कर लिया। रिश्तेदारी में आये पिता-पुत्र ने भांनेज के साथ मिलकर चोरी किया था और रंग बदलकर उपयोग कर रहे थे। तीनों को आज न्यायालय में पेश किया जायेगा।

भाटपचलाना थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी ने बताया कि 15 मई को ग्राम सिलोदिया पंचायत सचिव चित्रागंद शर्मा ने शिकायत दर्ज कराई थी कि सिलोदिया पंचायत के ग्राम मुंगावदी से राज्य शासन द्वारा एक पानी का टेंकर दिया था जो ग्राम के सामुदायिक भवन के पास खड़ा था, रात में कोई अज्ञात व्यक्ति चुराकर ले गया है। मामले में जांच शुरू की गई। कैमरे नहीं होने पर सुराग लगा पाना मुश्किल हो रहा था। बावजूद एएसआई शैतानसिंह डिंडोर, प्रधान आरक्षक गिरधारी कनेल, हरिगोविंद सिंह, शैलेन्द्रसिंह सिसौदिया, आरक्षक अशोक चौहान की टीम बनाई और पड़ताल शुरू की गई। गांव में पूछताछ करने पर सामने आया कि चोरी वाली रात 3 लोग ट्रेक्टर से रिश्तेदारी में आये थे। इसके अलावा कोई संदिग्ध नहीं दिखाई दिया था। गांव में आये 3 लोगों का पता लगाया तो सामने आया कि नागदा के देवडुंगरी का रहने वाला सुरेश पिता थावरसिंह गुर्जर अपने पुत्र ईश्वरसिंह और भानेज बबलू पिता जीवनसिंह गुर्जर ग्राम सरवाना उन्हेल के साथ आया था। सुरेशसिंह का साडू गांव में रहता है। शंका के आधार पर एक टीम नागदा देवडुंगरी रवाना की गई और गांव वालों से पूछताछ शुरू की गई। तभी सामने आया कि सुरेश एक टेंकर लेकर आया था, जिसका रंग बदला गया है। इसी आधार पर सुरेश को हिरासत में लिया गया और पूछताछ की गई तो उसने पुत्र और भानेज के साथ चोरी करना कबूल कर लिया। मंगलवार को उनकी निशानदेही पर रंग बदला टैंकर और चोरी में प्रयुक्त ट्रेक्टर बरामद कर लिया गया है। तीनों से पूछताछ जारी है, बुधवार दोपहर कोर्ट में पेश किया जायेगा। बरामद टैंकर की कीमत 2 लाख और चोरी में प्रयुक्त ट्रेक्टर 6 लाख कीमत का है।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com